mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-35 | पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

05 फरवरी 2025 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



मंधाना ने रोहित से... @ पेज 7

# अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन और आरती के समय में बदलाव



**अयोध्या (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या से बड़ी खबर सामने आई है। राम मंदिर ट्रस्ट ने राम मंदिर के दर्शन और आरती के समय में बदलाव कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, ये फैसला

**● ये फैसला अयोध्या में उमड़ रही भारी भीड़ के कारण लिया गया**

अयोध्या में उमड़ रही भारी भीड़ के कारण लिया गया है। बता दें कि प्रयागराज में महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या राम मंदिर की ओर भी आ रही है। ऐसे में राम मंदिर में दर्शन और आरती का समय बदला गया है। इसके साथ ही भगवान के भोग के समय भी श्रद्धालुओं को दर्शन मिलता रहेगा। आइए जानते हैं राम मंदिर के नए शेड्यूल और टाइमिंग के बारे में।

सामने आई जानकारी के मुताबिक, अयोध्या के राम मंदिर में रामलला का दर्शन अब सुबह 6 बजे रात 10 बजे तक चलेगा। सुबह 4 बजे मंगला आरती की जाएगी। मंगला आरती के बाद भगवान के पट को बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद सुबह 6 बजे श्रंगार आरती होगी और इसके साथ ही रामलला का मंदिर आम जन के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे रामलला को राज भोग लगेगा। भोग के पश्चात भक्त पुनः रामलला का अनवरत



दर्शन कर सकेंगे। बता दें कि ये नई टाइमिंग 6 फरवरी से लागू होगी।अयोध्या के राम मंदिर में शाम 7 बजे संध्या आरती होगी। संध्या आरती में 15 मिनट के लिए भगवान का पट बंद किया जाएगा। इसके बाद फिर से अनवरत दर्शन जारी रहेगा। रात को 10 बजे राम मंदिर में शयन आरती होगी। शयन आरती के बाद भगवान का पट बंद कर दिया जाएगा।जानकारी के मुताबिक, श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए राम मंदिर ट्रस्ट ने दर्शन और आरती के समय में बदलाव का निर्णय लिया है। ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन मिले, इसके लिए दर्शन अवधि बढ़ाई गई है। बता दें कि इससे पहले 9ः30 बजे राम मंदिर में शयन आरती होती थी और सुबह 7ः00 बजे श्रद्धालुओं के लिए भगवान का पट खोला जाता था।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बढ़ाई गई न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीकन क्रिकेट टीम की सुरक्षा

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान में आठ फरवरी से शुरू होने जा रही त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीमों की सुरक्षा को पुख्ता करने के तहत बुधवार से लाहौर में सेना के जवान और रेंजर्स तैनात रहेंगे। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने इसी दिन विरोध मार्च निकालने की योजना बनाई है।



मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा, ''गृह मंत्रालय ने पांच फरवरी से 10 फरवरी के बीच लाहौर में त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम की सुरक्षा के लिए पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स की तैनाती की अनुमति दी है।''इमरान खान (72) कई मामलों में 2023 के से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं और फरवरी 2024 में हुए आम चुनावों के बाद से मौजूदा सरकार और खान की पार्टी के बीच टकराव देखा जा रहा है। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि वह आठ फरवरी को 'ब्लैक डे' के रूप में मनाएगी और इस दिन लाहौर में ऐतिहासिक मीनार-ए-पाकिस्तान पर विरोध रैली निकालेगी। पिछले साल आठ फरवरी को ही पाकिस्तान में आम चुनाव हुए थे और पीटीआई आरोप लगाती रही है कि चुनाव में उनकी पार्टी को मिले जनादेश में गड़बडी की गई है।

### इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग

**यरुशलम (एजेंसी)।** इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में मंगलवार सुबह एक जांच चौकी पर हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोग घायल हो गए। इजरायली सेना की ओर से यह जानकारी दी गई है। इजरायली सेना ने बताया कि एक हमलावर ने उत्तरी वेस्ट बैंक में स्थित तयासिर गांव में एक जांच चौकी



पर तैनात सैनिकों पर गोलीबारी की। सेना ने बताया कि मुठभेड़ में सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की, जिसमें हमलावर मारा गया। इजरायली सेना ने बताया कि गोलीबारी में घायल हुए कुल छह लोगों को भर्ती कराया गया है। इजरायली मीडिया की खबर के मुताबिक, घायलों में सैनिक शामिल हैं और उनमें से कम से कम दो गंभीर रूप से घायल हैं। हमास और छोटे इस्लामी जिहाद आतंकवादी समूह ने हमले की प्रशंसा की है लेकिन किसी ने भी इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। इस बीच यहां यह भी बता दें कि, हाल ही में वेस्ट बैंक में इजरायली सेनी की गोलीबारी में दो फलस्तीनी मारे गए थे। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी दी थी। मंत्रालय के मुताबिक तुलकरम में हुई फायरिंग में 23 साल के व्यक्ति की मौत हो गई थी और जेनिन में हुए एक अन्य हमले में 25 साल का एक शख्स मारा गया था। हमास की ओर से इजरायल पर सात अक्टूबर, 2023 को हमला किया गया था। इस आतंकी हमले के बाद से ही वेस्ट बैंक में हिंसा में वृद्धि देखी गई है। फलस्तीनी मंत्रालय का कहना है कि वेस्ट बैंक में इजरायल और हमास के बीच जंग में 800 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

## गोवा में गिरफ्तार किया गया जर्मनी का नागरिक



**गोवा (एजेंसी)।** गोवा में जर्मनी के एक नागरिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने जानकारी दी है कि उत्तरी गोवा जिले में 45 वर्षी के एक जर्मन नागरिक को 23.95 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ के साथ पकड़ा है। आरोपी जर्मन नागरिक का नाम सेबेस्टियन हेसलर है और वह बीते साल नवंबर महीने से ही गोवा में पर्यटक वीजा पर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को एक किराए के मकान से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी दी है कि सेबेस्टियन हेसलर नाम के एक जर्मन नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के किराए के मकान में छापेमारी के दौरान एलएसडी ब्लॉट पेपर, केटामाइन पाउडर, केटामाइन लिक्विड और दो किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस नशे की खेप की कीमत 23,95,000 रुपये आंकी गई है। दरअसल, गोवा के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने बीते महीने पश्चिम बंगाल के रहने वाले अग्नि सेनगुप्ता को गिरफ्तार किया था। अग्नि सेनगुप्ता पर कमर्शियल मात्रा में एमडीएमए और 7.5 लाख रुपये मूल्य की अलग-अलग मात्रा में कोकीन रखने का आरोप है। इसी मामले की जांच के दौरान जर्मन नागरिक की पहचान कर के गिरफ्तार किया गया है।

**पीएम मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा में**

# पीएम मोदी ने विपक्ष पर ली चुटकी, गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब दिया और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर भी हमला बोला और केजरीवाल को भी आड़े हाथ लिया। पीएम मोदी ने कहा कि हमें 10 साल सेवा करने का मौका मिला और 25 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। 5 दशक तक लोगों ने केवल गरीबी हटाओं का नारा सुना और अब ये लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। जब गरीबों के लिए जीवन खपाते हैं तब ऐसा होता है। पीएम ने कहा कि अब तक गरीबों को 4 करोड़ घर मिले हैं। हमने 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर बहन बेटियों की मुश्किलें दूर कीं। हमारी सरकार ने 12 करोड़ परिवारों को नल से जल देने का काम किया है और काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।पीएम ने बिना नाम लिए विपक्ष के नेताओं पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं का



फोकस घरों में जकूजी, स्टाइलिश शावर पर है लेकिन हमारा फोकस हर घर जल पहुंचाने पर है। जो लोग गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराकर अपना मनोरंजन करते रहते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी।

पीएम ने कहा कि हमारा मकसद है बचत भी और विकास भी। हमने जनधन, आधार, मोबाइल की ट्रिटी बनाई और डीबीटी से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर देना शुरू किया। हमने 40 लाख करोड़ रुपया सीधा जनता के खाते में जमा किया। इस देश का दुर्भाग्य देखिए- सरकारें किसके लिए चलाई गईं।

पीएम ने विपक्ष पर चुटकी लेते हुए कहा कि जब बुखार होता है तो लोग कुछ भी बोलते हैं, जब हताशा छा जाती है तब लोग कुछ भी बोलते हैं।

जो जन्म भी नहीं लिए थे ऐसे 10 करोड़ लोग सरकारी खजाने से योजनाओं का फायदा ले रहे थे। हमने इन 10 करोड़ फर्जी नामों को हटाया और असली लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाया। ये फर्जी लोग जब हटे तब करीब 3 लाख करोड़ रुपया गलत हाथों में जाने से बच गया।

पीएम ने कहा कि हमने सरकारी खरीद में तकनीक का प्रयोग किया और जैम पोर्टल से जो खरीददारी हुई वो आम खरीद से कम में हुई और 1 लाख 15 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई। स्वच्छता मिशन के कारण हाल के वर्षों से सिर्फ सरकारी दफ्तरों से बेचे गए कबाड़ से 2300 करोड़ रुपए मिले।

## वजन कम करने की दवा खाने से किसान की मौत



**बागपत (एजेंसी)।** यूपी के बागपत से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने अपने शरीर का वजन कम करने के लिए ऑनलाइन दवाई मंगवाई थी। इसे खाने के बाद उसकी किडनी खराब हो गई और डायलिसिस के बाद मौत हो गई। आजकल शरीर का वजन कम करने के लिए तमाम तरह की दवाएं ऑनलाइन बिक रही हैं। ऐसे में बागपत के एक शख्स ने बिना डॉक्टर के परामर्श के वजन कम करने वाली दवाई ऑनलाइन मंगाकर खाई। लेकिन इस दवा के सेवन से उसकी किडनियां खराब हो गई और उसकी मौत हो गई। मृत शख्स की पहचान 40 साल के फुरकान के रूप में हुई है। माता कॉलोनी निवासी फुरकान ने ऑनलाइन दवा मंगाकर खाई थी लेकिन इससे उसकी किडनी खराब होती चली गई। पिछले करीब सात माह से फुरकान का उपचार भी किया जा रहा था लेकिन उसके शरीर में कोई सुधार नहीं हुआ और डायलिसिस के बाद भी उसकी मौत हो गई।

# चोर ने 6 बिजली के खंभे चोरी किए तो कोर्ट ने सुनाई 200 पौधे लगाने की सजा

**ओडिशा हाई कोर्ट ने एक अनोखी शर्त के साथ उसे जमानत दे दी**

**झारसुगुड़ा (एजेंसी)।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रहने वाले मानस अती को पुलिस ने 25 दिसंबर को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप था कि उसने एक बिजली आपूर्ति कंपनी के छह बिजली के खंभे चोरी किए, जिनकी कुल कीमत दो लाख रुपये से ज्यादा थी। यह मामला कोलाबिरा थाना पुलिस के पास दर्ज हुआ था। सोमवार को ओडिशा हाई कोर्ट ने एक अनोखी शर्त के साथ उसे जमानत दे दी । कोर्ट ने आदेश दिया कि मानस को अपने गांव और आसपास के इलाकों में 200 पौधे लगाने होंगे और उनकी देखभाल करनी होगी। इसके अलावा उसे हर 15 दिन में पुलिस के पास हाजिरी देनी होगी और सबूतों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करनी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि पौधों की व्यवस्था जिला नर्सरी करेगी और वन विभाग, पुलिस और राजस्व अधिकारी इस काम में मदद करेंगे। मानस को आम, नीम और इमली जैसे पेड़ लगाने होंगे, जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद होंगे। दिसंबर में एक चोर के साथ हुई थी बर्बरता

इससे पहले दिसंबर 2024 में ओडिशा के बालासोर जिले में चोरी के शक में चार युवकों को बेरहमी से पीटने की खबर सामने आई थी। इस घटना में 32



साल के त्रिलोचन की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना में 35 वर्षीय सतीश सिंह, 31 वर्षीय तपुआ महंती और 19 वर्षीय तपन प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

पुलिस ने बताया था कि सारा गांव में अजय दास नाम के व्यक्ति की कपड़े की दुकान में चोरी हुई थी, जिसके बाद त्रिलोचन और उसके साथियों पर शक जताया गया था और ग्रामीणों ने चारों युवकों को ओडिशला चौक पर बिजली के खंभे से बांधकर पीटा था। इसी घटना में युवक की मौत हो गई थी।

# आतिशी और केजरीवाल पहुंचे चुनाव आयोग

**चुनाव आयोग ने गड़बड़ी नहीं होने का आश्वासन दिया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। 5 फरवरी को मतदान किया जाएगा और 8 फरवरी को चुनाव के रिजल्ट जारी किए जाएंगे। इस बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचे। इसे लेकर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि साइलेंट पीरियड में चुनाव आयोग मिलता नहीं है। चुनाव आयोग का शुक्रिया। हमने उनको बताया है कि जहां जगह-जगह हिंसा हो रही है। दिल्ली पुलिस का कैसे इस्तेमाल करके गुंडागर्दी करवाई जा रही है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग ने आश्वासन दिया है कि कार्रवाई की जाएगी और दिल्ली में निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। हमने चुनाव आयोग को बताया कि बड़े स्तर पर वोटरों को डरा धमकाकर वोट डालने से रोका जा सकता है। चुनाव आयोग ने हमें आश्वस्त किया कि ऐसा नहीं होगा। बड़े स्तर पर पैसे देकर या डरा कर या उनकी उंगली पर स्याही लगाकर भी वोटर्स को रोका जा सकता है। इन सब मुद्दों को हमने चुनाव



आयोग के सामने उठाया, जिसे लेकर चुनाव आयोग ने हमें आश्वसन दिया है कि कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि इस मुलाकात से पहले चुनाव आयोग ने आतिशी और अरविंद केजरीवाल द्वारा चुनाव को लेकर की जा रही टिप्पणियों पर बयान दिया था। एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग ने कहा कि उसने इस तरह के प्रयासों को नोट किया है, लेकिन संयम, बुद्धिमत्ता, उदासीनता के साथ इस तरह के आरोपों को अवशोषित करने का विकल्प चुना है। चुनाव आयोग ने कहा कि वह इस तरह के आरोपों से प्रभावित नहीं होगा। इसमें यह भी कहा गया है कि दिल्ली चुनाव से पहले उठाए गए मुद्दों की जांच की गई और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए स्थापित कानूनी ढांचे और मजबूत प्रक्रिया के तहत काम करते हुए 1.5 लाख से अधिक अधिकारियों ने कार्रवाई की।

# दिल्ली चुनाव पर बंपर छूट का ऐलान

**होटल से लेकर मॉल और सैलून से लेकर ब्यूटी पार्लर तक**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में बुधवार को विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में दिल्ली में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए और मतदाताओं को इसके लिए प्रेरित करने के प्रयास किए जाते रहे हैं। इस बीच दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से महज एक दिन पहले 'चैंबर ऑफ ट्रेड्स एंड इंडस्ट्रीज' (छ्ङ्घ) ने बड़ी घोषणा की है। इसमें कहा गया है कि शहर भर के सैलून और ब्यूटी पार्लर मतदान करने वाले लोगों को 20 से 50 प्रतिशत तक की छूट देंगे। सैलून के अलावा, दुकानें, रेस्तरां, होटल, मॉल, कॉफी शॉप और ढाबे सहित विभिन्न व्यवसाय भी मतदान करने वाले ग्राहकों को 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करेंगे। सीटीआई ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि लगभग 500 सैलून और ब्यूटी पार्लर मतदान के अगले दिन 6 फरवरी को ये छूट प्रदान करेंगे। उसने कहा, ''इस पहल




का उद्देश्य दिल्ली में मतदान को बढ़ावा देना है, जहां 70 विधानसभा सीट के लिए पांच फरवरी को चुनाव होने हैं।'' सीटीआई के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा कि यह प्रयास अधिक मतदान प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए है। गोयल ने कहा, ''यह पहल पांच फरवरी को अधिक लोगों को अपना वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करेगी और मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।'' उन्होंने कहा कि सीटीआई से जुड़े 500 से अधिक सैलून मालिक और मेकअप कलाकार इस पहल में शामिल हुए हैं। बृजेश गोयल ने कहा, ''जो मतदाता 6 फरवरी को 'फेशियल, शेव, हेयरकट, मसाज और डी-टैन ट्रीटमेंट' जैसी सौंदर्य सेवाओं का लाभ उठाते हैं, उन्हें 20 से 50 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी। यह ऑफर उन पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए खुला है, जो वोट डालने के सबूत के तौर पर अपनी उंगली पर लगी वोटिंग स्याही दिखाते हैं।'' बता दें कि 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए बुधवार को मतदान होना है, जिसके नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

# स्कूल पढ़ने गई बच्ची को अज्ञात शख्स ने लगाया इंजेक्शन, मच गया बवाल, जांच में जुटी पुलिस

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के भांडुप इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई हैं। दरअसल यहां एक स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची को किसी अज्ञात शख्स ने 31 जनवरी को इंजेक्शन लगा दिया। इस घटना के सामने आने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। बता दें कि बच्ची के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही पुलिस स्कूल और स्कूल के आसपास लगे तमाम सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। पुलिस ने



इस बात की पुष्टि की कि बच्ची को इंजेक्शन जरूर दिया गया है, लेकिन बच्ची के साथ ना ही किसी प्रकार का शारीरिक अत्याचार हुआ है और ना ही छेड़छाड़ किया गया है। बता दें कि इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है आरोपी की तलाश कर रही है। साथ ही पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आखिर बच्ची को इंजेक्शन क्यों दिया गया। बता दें कि पुलिस ने मामले की जांच के लिए पांच टीमों का गठन किया है। सभी टीमों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस मामले के सामने आने के बाद स्कूल के बाहर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पहुंची और उन्होंने आंक्रोश व्यक्त किया।

# बिजली कंपनी ने सार्वजनिक किये बड़े बकायादारों के नाम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग?वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के अंतर्गत आने वाले ऐसे बिजली उपभोक्ता जिनके द्वारा अपने बकाया बिजली बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके नाम, पते और बकाया राशि की जानकारी को सार्वजनिक कर दिया है। कंपनी द्वारा बकायादारों के नामों की सूची कंपनी के पोर्टल पर सार्वजनिक की है, इन बकायादरों के नाम आमजन और उपभोक्ताओं द्वारा क्षेत्रवार देखा जा सकता है। इसके लिए कंपनी की वेबसाइट पर जाकर होम पेज पर पर क्लिक करते ही वृत्त के आधार पर कुल बकायादारों की सूची उपलब्ध हो जाएगी। इसी लिंक को कंपनी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम आदि पर भी साझा कर दिया गया है। कम्पनी द्वारा इस सूची को प्रति सोमवार अद्यतन किया जा रहा है। जो उपभोक्ता अपने बिजली बिल की बकाया राशि जमा कर देते है उन उपभोक्ताओं के नाम पोर्टल पर जारी सूची से तथा सोशल मीडिया से हटा दिए जाते हैं। इसलिए बकाया राशि समय पर जमा करें, ताकि बकायादारों की सूची से नाम हटाया जा सके।

# एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड स्कीम में कृषकों को 3 प्रतिशत ब्याज की छूट

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड स्कीम केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य देश में कृषि अवसंरचना का विकास एवं विस्तार करना है। इस योजना के माध्यम से कृषक, कृषि अवसंरचना निर्माण के लिये बैंक से प्राप्त राशि रुपये 2 करोड़ तक के ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज छूट का लाभ सात वर्षों के लिए से सकते है। इस योजना के अंतर्गत वेयरहाउस, साइलोस, कस्टम हायरिंग सेंटर, कोल्ड स्टोरेज, सॉर्टिंग व ग्रेडिंग इकाई, प्राथमिक प्र-संस्करण इकाई, एयरोफोनिक फार्मिंग, हायड्रोफोनिक फार्मिंग, वर्टिकल कार्मिंग, मशरूम फार्मिंग, स्मार्ट प्रिसीजन फार्मिंग के लिये अवसंरचना निर्माण की जा सकती हैं। योजनांतर्गत मध्यप्रदेश को वर्ष 2025-26 तक 7440 करोड़ रूपये का लक्ष्य दिया गया है। जिसके विरुद्ध 7,804 करोड़ रूपये के कुल 10.860 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं, जो कि देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। इसके अतिरिक्त कुल 10.047 प्रकरणों में 5978 करोड़ रूपये का डिसबर्समेंट किया जा चुका है जो अन्य राज्यों की अपेक्षा कहीं अधिक है। केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश को 500 करोड़ रूपये का लक्ष्य दिया गया था जिसके विरुद्ध 1240 करोड़ रूपये के कुल 2152 प्रकरण स्वीकृत किये जा चुके हैं जो कि आवंटित लक्ष्य का 248 प्रतिशत है। साथ ही कुल 1745 प्रकरणों में 721 करोड़ रूपये का डिसबर्समेंट किया जा चुका है। केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांशी योजना का देश में सर्वोत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश को वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में अवार्ड से सम्मानित भी किया गया है।

# महाकुंभ मेले के यात्रियों के लिए रीवा-प्रयागराज मार्ग में की गयी है समुचित व्यवस्थायें


**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रयागराज में महाकुंभ मेला लगातार जारी है। महाकुंभ में तीन फरवरी बसंत पंचमी को विशेष पर्व स्नान को देखते हुए रीवा से होकर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिये जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई। इसी तरह माघ पूर्णिमा 12 फरवरी एवं महाशिवरात्रि 26 फरवरी को भी विशेष पर्व स्नान होंगे। इन दिनों भी लगाये गये शिविरों में विशेष व्यवस्था रहेगी। रीवा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर रीवा-प्रयागराज मार्ग में 4 स्थानों पर अधिकारियों के दल तैनात करके तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जा रही हैं। तीर्थ यात्रियों के अस्थायी रूप से ठहरने, भोजन, पानी, जलपान, शौचालय, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियाँ रखी गयी हैं। तीर्थ यात्रियों के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की गयी है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी यात्री को रीवा जिले से गुजरते हुए किसी भी तरह की परेशानी न हो। बेला बायपास, श्रीयुत महाविद्यालय गंगेव तथा चाकघाट में बनाये गये रैन बसेरों में तीर्थ यात्रियों के रूकने तथा उनके भोजन, पानी आदि वितरण की व्यवस्थाएँ अधिकारियों के दल द्वारा की जा रही है। तीर्थ यात्रियों को आवश्यक दवाओं का भी वितरण इन स्थानों पर किया जा रहा है। इसके साथ ही जोगिनहाई टोल प्लाजा, सोहागी टोल नाका तथा चाकघाट बॉर्डर में वाहनों के निर्वाध आवागमन की व्यवस्था अधिकारियों के निर्देशन में की जा रही है। रीवा-प्रयागराज मार्ग में रीवा जिले में कही भी वाहनों के जाम की स्थिति निर्मित नहीं हुई संपूर्ण मार्ग में तीर्थ यात्री बिना किसी परेशानी के रीवा जिले से गुजर रहे हैं। कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम द्वारा भी लगातार निगरानी की जा रही है।

# एनसीसी और एनएसएस से मिल रही है चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण की शिक्षा-राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि नई पीढ़ी एन.सी.सी. और एन.एस.एस. का हिस्सा जरूर बने। इससे चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संस्कारों पर आधारित शिक्षा मिलती है। व्यक्ति में राष्ट्र सेवा के प्रति संकल्प और समर्पण की भावना पैदा करती है। राज्यपाल श्री पटेल एन.सी.सी. और एन.एस.एस. के एट होम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन भी मौजूद रहे।

राज्यपाल श्री पटेल ने गणतंत्र दिवस की राष्ट्रीय परेड में शामिल हुए एन.सी.सी. कैडेट्स और एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने की बधाई दी। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान समय युवाओं के लिए सुनहरे भविष्य की असीम संभावनाओं से भरा है। जरूरत एकीकृत, एकजुट, एकमत और एकता के साथ समाज तथा राष्ट्र के लिए कार्य करने एवं देश की समकालीन संस्कृति और सभ्यता के विभिन्न पहलुओं में हो रहे, सुखद बदलावों को समझते हुए प्रेरणा प्राप्त करने की है।



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि एन.सी.सी. का मूल उद्देश्य, युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण, त्याग और अनुशासन में रहते हुए एकता की भावना का विकास करना है। इसी प्रकार एन.एस.एस. समाज सेवा से राष्ट्र निर्माण पर आधारित गतिविधियों से विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण कर जिम्मेदार नागरिक बनाने की सराहनीय योजना है। उन्होंने कहा कि युवा ही हमारे देश की गौरवशाली संस्कृति, इतिहास और सभ्यता से भावी पीढ़ी को जोड़ने वाले सूत्रधार बन सकते हैं। युवाओं को संवेदनशीलता के साथ समाज के गरीब, वंचित, महिला, बुजुर्ग और दिव्यांगजनों का साहस और संबल बनकर उनके सशक्तिकरण में सहयोग करना चाहिए।

राज्यपाल श्री पटेल का एनसीसी मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ निदेशालय के ए.डी.जी. मेजर जनरल विक्रांत एम. धुमने और एन.एस.एस. के राज्य अधिकारी डॉ. मनोज अग्निहोत्री ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। राज्यपाल श्री पटेल के समक्ष एन.सी.सी. और एन.एस.एस. के प्रतिभागियों ने सामूहिक देशभक्ति गायन, गौरवशाली भारतीय संस्कृति पर आधारित समूह नृत्य और नाटिका प्रस्तुत की। स्वागत उद्बोधन ए.डी.जी. मेजर जनरल श्री धुमने ने दिया। आभार मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ एन.एस.एस. के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक कुमार श्रोती ने माना। कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव, एन.सी.सी. के ग्रुप कमान्डर ब्रिगेडियर अजीत सिंह, एन.एस.एस. और एन.सी.सी. के प्रतिभागी और उनके अभिभावक गण उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र है- राज्य मंत्री लोधी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के नए अकादमिक भवन का लोकार्पण किया। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र है और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में हम सब इसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय में मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की तर्ज पर विकसित किया जायेगा ।राज्य मंत्री श्री लोधी



ने बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन कर भवन की गतिविधियों का शुभारंभ किया।

अकादमिक भवन के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान नाट्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने स्थानीय लोकगीतों की सुंदर प्रस्तुति दी। राज्य मंत्री श्री लोधी ने युवा कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की और उनका प्रोत्साहन करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद कहा करते थे सारी शक्ति अपने अंदर समाहित है, जरूरत है उसे पहचानने की और अपने आत्मबल को जगाने की। मंत्री श्री लोधी ने इस दौरान अकादमिक भवन का भ्रमण किया और सुविधाओं का जायजा लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला, संचालक संस्कृति श्री एन. पी. नामदेव, निदेशक श्री टीकम चंद्र जोशी, विद्यालय के शिक्षकगण, अलग-अलग क्षेत्रों के कलाकार एवं कलाप्रेमी उपस्थित रहे।

# सिल्क एस्टेट का विस्तार शीघ्र होगा-राज्य मंत्री जायसवाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री दिलीप जायसवाल ने सिल्क टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नर्मदापुरम जिले के मढ़ई में सिल्क शोरूम-प्राकृत का शुभारंभ किया। सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, विधायक श्री विजयपाल सिंह, आयुक्त रेशम श्री मोहित बुंदस उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य पर्यटकों और रेशम प्रेमियों को मध्यप्रदेश में उत्पादित शुद्ध रेशम वस्त्रों से परिचित कराना और रेशम उद्योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सिल्क एस्टेट में पर्यटक रेशम उत्पादन, बुनाई और डिजाइनिंग की प्रक्रिया को नजदीक से देख और समझ सकेंगे। इसके साथ ही, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से पर्यटक सिल्क एस्टेट में ठहरने और कैंपिंग का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में विधायक श्री विजयपाल सिंह ने सिल्क एस्टेट में ठहरने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और राज्य मंत्री, कुटीर एवं ग्रामोद्योग से सिल्क एस्टेट की ठहरने की क्षमता बढ़ाने का अनुरोध किया। राज्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही विस्तार प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश सिल्क फेडरेशन अंतर्गत प्राकृत शोरूम का भी उद्घाटन किया गया, जिससे मढ़ई में आने वाले पर्यटक शुद्ध रेशम वस्त्रों की खरीदारी कर सकेंगे।

# सड़क सुरक्षा के लिए नियमित रूप से हो वाहनों की फिटनेस जांच

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहनों की फिटनेस चेकिंग नियमित रूप से हो। उन्होंने कहा कि परिवहन राजस्व में वृद्धि के ठोस प्रयास किये जायें। परिवहन मंत्री श्री सिंह सोमवार को मंत्रालय में हुई बैठक में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सचिव परिवहन श्री मनीष सिंह और परिवहन आयुक्त श्री विवेक शर्मा भी मौजूद थे।



परिवहन मंत्री श्री सिंह ने विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ करने और नई भर्तियों पर समय-सीमा में कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में रजिस्टर्ड वाहनों की संख्या लगभग 2 करोड़ 34 लाख 44 हजार के करीब है। इनमें ट्रांसपोर्ट वाहनों की संख्या 11 लाख 42 हजार 500 से अधिक है। मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिये कि 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों की फिटनेस प्रक्रिया को सरल किया जाये। प्रदेश में पुराने वाहनों की स्क्रेपिंग फेसिलिटी के लिये 5 रजिस्टर्ड स्क्रेपिंग फेसिलिटी सेंटर काम कर रहे हैं। इनमें भोपाल जिले में तीन और इंदौर एवं ग्वालियर जिलों में एक-एक सेंटर क्रियाशील हैं।

बैठक में बताया गया कि वाहनों से उत्सर्जित होने वाली गैसों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिये प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। वाहन मालिकों को सुविधा दिये जाने के उद्देश्य से पारदर्शी रूप से वाहनों के उत्सर्जन मानकों की जाँच कर ऑनलाइन प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र जारी किये जाने का कार्य एक अगस्त, 2024 से शुरू कर दिया गया है। वर्ष 2024 में करीब 2 लाख 60 हजार वाहनों के प्रदूषण की जाँच की गई। परिवहन मंत्री श्री सिंह ने सभी वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नम्बर प्लेट लगवाये जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। बैठक में बताया गया कि परिवहन विभाग में वर्ष 2024-25 में 5100 करोड़ रुपये की राजस्व आय का लक्ष्य निर्धारित है। दिसम्बर-2024 के अंत तक 3350 करोड़ रुपये की राजस्व आय प्राप्त हो चुकी है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की संख्या बढ़ने से विभागीय आय में कमी हुई है। बैठक में ड्रायवर ट्रेनिंग सेंटर और व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस पर भी चर्चा की गयी। परिवहन मंत्री श्री सिंह ने इसके दायरे में अधिक से अधिक चार पहिया वाहनों को लाये जाने के निर्देश भी दिये। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट पर भी चर्चा की गयी।

# खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने पलक शर्मा को दी बधाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उत्तराखंड में चल रहे नेशनल गेम्स 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का दबदबा कायम है। आज विभिन्न खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें सबसे बड़ी उपलब्धि डाइविंग में पलक शर्मा द्वारा जीता गया स्वर्ण पदक रहा। मध्यप्रदेश के खिलाडियों ने उत्तराखंड नेशनल गेम्स में अब तक कुल 10 स्वर्ण, 5 रजत, और 5 कांस्य पदकों के साथ कुल 20 पदक आर्जित करके मध्यप्रदेश को पदक तालिका में प्रथम 4 राज्यों की सूची में बरक़रार रखा है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि यह प्रदर्शन प्रदेश की खेल संस्कृति को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएँ दीं। ओलंपिक संघ अध्यक्ष श्री रमेश मेंदोला, सचिव श्री दिग्विजय सिंह और संचालक खेल श्री रवि कुमार गुप्ता ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। एक मीटर स्प्रिंग बोर्ड डाइविंग व्यक्तिगत महिला वर्ग में मध्य प्रदेश की स्टार खिलाड़ी पलक शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उत्तराखंड नेशनल गेम्स में पलक का तीसरा पदक है। मध्य प्रदेश की पुरुष बास्केटबॉल 3×3 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तेलंगाना और पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। टीम के खिलाड़ी तुशल सिंह, सूर्य सिंह, राकेश शर्मा और ब्रिजेश तिवारी कल स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगे।50 मीटर राइफल 3 पोजीशन व्यक्तिगत महिला वर्ग में आशी चौकसे ने कड़ी टक्कर दी लेकिन वह सातवें स्थान पर रहकर पदक से चूक गईं। मध्यप्रदेश के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने मिलाजुला प्रदर्शन किया।

# समयावधि में कार्य न करने वाली एजेंसियों पर ब्लेक लिस्ट और टर्मिनेशन की कार्रवाई हो-एसीएस डॉ. राजौरा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने कहा है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यरत एजेंसियों के कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर कार्य तीव्र गति से मापदण्ड व अनुबंध की शर्तों अनुसार करवाना सुनिश्चित करें। डिफॉल्टर एजेंसियों पर ब्लैक लिस्टेड करने के साथ व टर्मिनेशन की सख्त कार्रवाई की जाएं। एसीएस डॉ. राजौरा उज्जैन में संभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि पूर्व में प्रगतिरत रोड़ रिस्टोरेशन के कार्य पूर्ण न होने तक नई खुदाई के कार्य प्रारंभ न किए जाए और प्रत्येक पखवाड़े में जल जीवन मिशन की जानकारी बैठक के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को प्रदान करें।

अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने बैठक में संभाग के सभी जिलो के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, संभागीय व जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता के हित से जुड़े सभी कार्यों पर सभी संबंधित अधिकारी विशेष ध्यान दे। जल जीवन मिशन के अंतर्गत रोड़ रिस्टोरेशन के कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर सभी रिस्टोरेशन कार्य मार्च 2025 तक पूर्ण किए जाएं। रोड़ रिस्टोरेशन के पूर्ण कार्यों का पुन- निरीक्षण अगले एक सप्ताह में जनप्रतिनिधियों एवं एसडीएम की टीम के साथ किए जाने के पश्चात ही कार्य पूर्णता का सर्टिफिकेट दिया जाए। जल जीवन मिशन अंतर्गत रोड़ रिस्टोरेशन, रोड़ खुदाई एवं योजना के संपूर्ण कार्यों की जानकारी सतत रूप से स्थानीय विधायकों को दी जाए। एसीएस डॉ.राजौरा ने संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता को निर्देशित किया कि सभी जिला कलेक्टर से सुनिश्चित करवाएं कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण व समयावधि में हो। कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जिला कलेक्टर प्रत्येक माह जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सभी विभागों के प्रमुख मुददों पर समन्वय स्थापित करें। बैठक में ऊर्जा विभागांतर्गत केबल, ट्रांसफॉर्मर, डीपी को समय-समय पर बदले जाने के कार्य का भौतिक सत्यापन जनप्रतिनिधियों के साथ कराए जाने के निर्देश दिए गए। विद्युत संबंधी रख-रखाव की जानकारी आमजन को पहले से प्रदान की जाए। अस्थाई कनेक्शन के कारण अतिरिक्त दाब के कारण बार-बार डीपी को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए स्थाई हल निकाला जाए। प्रत्येक माह जिला सलाहकार समितियों के माध्यम से विद्युत विभाग जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक जानकारी प्रदान करें। बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा में एसीएस डॉ. राजौरा ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए सड़क के दोनों तरफ लेबलिंग के कार्य पश्चात ही कार्य पूर्णता का प्रमाण-पत्र दिया जाए।

# जनता के जीवन को आसान बनाना हमारा दायित्व-मुख्य सचिव जैन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा पुलिस व प्रशासन तालमेल के साथ काम करें। दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू की तरह काम करें। मुख्य सचिव श्री जैन ने सोमवार को मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर, कमिश्नर, पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षकों के साथ विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिये कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगायी जायें। कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक निष्पक्ष रहकर मिलकर काम करें। उन्होंने निर्देश दिये कि अवैध शराब बिक्री पर रोक के लिए संयुक्त टीम बनाएं। राजस्व प्रकरणों में समय-सीमा एवं ईमानदारी से काम करें। जनता के जीवन को




आसान बनाना हमारा दायित्व है। मुख्य सचिव श्री जैन ने कानून व्यवस्था बनाये रखने और अपराध को रोकने के लिए, जुआं/सट्टा, अवैध शराब विक्रय, अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन, अपंजीकृत वाहनों, प्रदूषण के विरूद्ध, खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरूद्ध और बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत नियम विरूद्ध लाउड स्पीकर बजने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

मुख्य सचिव श्री जैन ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकार्ड सुधार के प्रकरणों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। राजस्व महाअभियान में सभी निरस्त होने वाले राजस्व प्रकरणों का पुन- परीक्षण किया जाने एवं त्रुटिपूर्ण नक्शा सुधार का कैम्प लगाकर निराकरण किये जाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव श्री जैन ने खाद की कीमत निर्धारित मूल्य से अधिक में बेचने पर विक्रेता के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये। खाद, कीटनाशक मामले में गंभीर शिकायतों/अनियमितता होने पर जांच के बाद एफ.आई.आर. दर्ज कराने के निर्देश दिये। मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालयों के बाद जिलों में भी ई-ऑफिस प्रणाली शुरू करने के निर्देश दिये गये। पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि कानून व्यवस्था बनाने एवं अवैध शराब बिक्री रोकने के लिए गंभीरता से कार्य करें। अवैध खनिज उत्खनन पर पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग मिलकर कार्यवाही करें।

# स्कूली बच्चे को बाइक ने मारी टक्कर

## 30 मीटर दूर जा गिरा, पैर फ्रैक्चर और सीने में चोट

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के ग्राम पड़खुरी में मंगलवार दोपहर स्कूल से घर लौट रहे एक बच्चे को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्चा 30 मीटर दूर जा गिरा।

घायल बच्चे की पहचान आदर्श साहू के रूप में हुई है। हादसे में उसका बायां पैर फ्रैक्चर हो गया और सीने में गंभीर चोटें आईं। पिता बच्चू साहू ने बताया कि आदर्श रोज की तरह दोपहर 1 बजे स्कूल से घर लौट रहा था। इसी दौरान सीधी की तरफ जा रहे एक बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।






जमोड़ी थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि घायल बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस फरार बाइक चालक की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# झाड़-फूंक करने वाले की हत्या का खुलासा

## पत्नी से अश्लील हरकत करते देख की थी वारदात, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार






**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली पुलिस ने तीन साल पुराने हत्याकांड का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरा अभी फरार है।

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के अनुसार, यह मामला 29 दिसंबर 2020 का है, जब बूढ़ाडाड़ गांव में रहने वाले रामसनेही केवट की हत्या कर दी गई थी।

जांच में सामने आया कि मृतक रामसनेही केवट झाड़-फूंक का काम करता था। वह आरोपी सलीम मोहम्मद की बीमार पत्नी रजेसा बेगम का इलाज कर रहा था। सलीम ने एक दिन केवट को अपनी पत्नी के साथ अश्लील हरकतें करते देख लिया। इसके बाद 21 दिसंबर 2020 को सलीम ने अपने रिश्तेदार कलम मोहम्मद के साथ मिलकर रामसनेही केवट की हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी मृतक का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। एक साल बाद जब आरोपियों ने उस फोन में अपनी सिम डालकर इस्तेमाल किया, तब टेक्निकल सर्विलांस के जरिए पुलिस उन तक पहुंची। पूछताछ में सलीम ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। आरोपियों से मृतक के दो फोन पुलिस ने बरामद कर दिए हैं।

# लोट लगाते कलेक्ट्रेट पहुंचा छात्र नेता

## बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप, कुलपति-कुलसचिव को हटाने की मांग



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों के खिलाफ छात्र नेता सत्येन्द्र शर्मा ने मंगलवार को अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय से कलेक्टर कार्यालय तक लोट लगाते हुए विरोध जताया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें विश्वविद्यालय प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

छात्र नेता का आरोप है कि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह, परीक्षाओं और खेल गतिविधियों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कुलपति और कुलसचिव को पद से हटाने की मांग की है। सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि वह पहले भी इस मुद्दे को उठा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस मामले में कुलपति शोभा तिवारी ने बताया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई जानकारी मांगी जाएगी तो उसे उपलब्ध करा दी जाएगी।

# सीधी के चुरहट थाना प्रभारी लाइन अटैच

## ओबीसी महासभा के विरोध के बाद एसपी ने की कार्रवाई, एक साल की वेतन वृद्धि रोकी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले में चुरहट थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा के खिलाफ ओबीसी महासभा के किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद एसपी ने कड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन अटैच कर दिया गया है। उनकी एक साल की वेतन वृद्धि भी रोक दी गई है।


**ओबीसी महासभा के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन:** ओबीसी महासभा के लगभग 50 कार्यकर्ताओं ने चुरहट एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि थाना प्रभारी ने ओबीसी वर्ग के दो व्यक्तियों के साथ न केवल अभद्र व्यवहार किया बल्कि उनके साथ मारपीट भी की। दोपहर करीब 2 बजे से कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। एसपी और कलेक्टर को बुलाने की मांग की।





ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष शिवमंगल सिंह पटेल ने कहा कि ओबीसी वर्ग के खिलाफ की गई इस कार्रवाई के विरोध में वे आंदोलन जारी रखेंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने संज्ञान लेते हुए जांच के पूरा होने तक थाना प्रभारी को लाइन अटैच करने के साथ उनकी वेतन वृद्धि भी रोक दी है।

# 75 वर्षीय किसान की जमीन पर पूर्व सरपंच का कब्जा



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के गठेवरा गांव में एक वृद्ध किसान की जमीन पर गांव के पूर्व सरपंच विक्रम सिंह ने कब्जा कर लिया और मारपीट की। 75 वर्षीय पल्टुआ अहिवार ने आरोप लगाया है कि विक्रम सिंह और उसके भाई बब्ली बुंदेला ने उनकी 2 एकड़ जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है।

किसान ने बताया कि विक्रम सिंह अपनी राजनीतिक पहुंच का दुरुपयोग करते हुए कई ग्रामीणों की जमीनों पर इसी तरह कब्जा कर चुका है। करीब एक महीने पहले जब पल्टुआ ने जमीन की रजिस्ट्री करने से मना किया, तो आरोपी ने उनके घर में बंदूक की नोक पर घुसकर मारपीट की थी।

**कहीं से भी मदद नहीं मिली-किसान:** न्याय के लिए पल्टुआ ने मुख्यमंत्री कार्यालय, क्षेत्रीय सांसद डॉ. वीरेन्द्र कुमार, मंत्री दिलीप अहिरवार, कलेक्टर और स्थानीय पुलिस तक का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कहीं से भी मदद नहीं मिली। इतना ही नहीं, आरोपी लगातार पल्टुआ और उनके परिवार को धमकियां दे रहा है।

अब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। उन्होंने अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे के अनुसार शिकायत की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शहडोल के धुरवार में किसान के पैरा में लगी आग

## दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर पाया काबू, हजारों का हुआ नुकसान

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल के सोहागपुर थाना क्षेत्र के धुरवार टोल प्लाजा के पास एक किसान के घर के सामने रखे पैरा में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग बढ़ती चली गई। घटना मंगलवार दोपहर की है।

घटना के समय किसान खेत में काम कर रहा था। आग लगने की सूचना पर वह और उसके परिजन मौके पर पहुंचे। तब तक आग ने भयंकर रूप ले लिया था। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन काबू पाने में असफल रहे।



**फायर ब्रिगेड टीम ने पाया काबू:** स्थानीय लोगों ने पुलिस की डायल 100 और दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल कर्मी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पैरा पूरी तरह से जलकर राख हो चुका था।

किसान इस अग्निकांड में किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तालाब के पास मिला शव, गले पर चोट के निशान

## खून से लथपथ संदिग्ध परिस्थितियों में मिली बुजुर्ग की लाश

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** पन्ना जिले के धरमसागर तालाब के पास एक बुजुर्ग का शव मिला। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे पहाड़कोठी पन्ना निवासी मनीराम उर्फ मुनीम खान का शव खून से लथपथ संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।

स्थानीय लोगों की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पन्ना कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मृतक के चेहरे और गले पर चोट के निशान पाए गए हैं, जो इस घटना को और भी संदिग्ध बना रहे हैं।



**चेहरे और गले पर मिले चोट के निशान:** पन्ना कोतवाली के थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक का बेटा और उनके परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उनकी मौजूदगी में ही सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी कीं।

## शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो डंडे से पीटा

# दो भाइयों से हुई मारपीट, जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के नौगांव में सोमवार को एक व्यक्ति ने शराब पीने के लिए पैसे न मिलने पर दो भाइयों को डंडे से पीट दिया। घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया। पीड़ित शरीफ मंसूरी (34) ने बताया कि वह दोपहर करीब 3 बजे मीट मंडी के पास बैठा था, तभी कबाड़ी की दुकान चलाने वाला उन्ना उर्फ सद्दाम कुरैशी वहां आया और शराब पीने के लिए 1000 रुपए मांगे। शरीफ ने पैसे देने से मना किया तो सद्दाम ने उस पर डंडे से हमला कर दिया। शरीफ का चचेरा भाई मोहम्मद आबिद जब उसे बचाने आया, तो आरोपी ने उसे भी पीट दिया। इस हमले में शरीफ के सिर, हाथ और पैर में चोटें आईं, जबकि मोहम्मद आबिद के हाथ में चोट लगी। मारपीट के बाद आरोपी सद्दाम जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

**आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज:** नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 119(1) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# पंचायत अधिकारियों पर अवैध वसूली का आरोप

## सरपंच बोलीं- जो पैसे नहीं देते, उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिलता

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के बड़ामलहरा जनपद की ग्राम पंचायत भोजपुरा में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। महिला सरपंच राजकुमारी अहिरवार ने मंगलवार को दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के साथ कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर पंचायत सचिव अभिषेक जैन और रोजगार सहायक अजेंद्र सिंह परमार पर अवैध वसूली के आरोप लगाए हैं।

सरपंच प्रतिनिधि लखन लाल अहिरवार के अनुसार, दोनों अधिकारी सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए ग्रामीणों से अवैध वसूली करते हैं। राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, आवास योजना और मृत्यु प्रमाण-पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों के लिए पैसों की मांग की जाती है। जो लोग पैसे नहीं दे पाते, उन्हें योजनाओं से वंचित कर दिया जाता है।




वहीं,रोजगार सहायक अजेंद्र सिंह परमार पर आरोप है कि वह पिछले 15 वर्षों से अपनी दबंग छवि का दुरुपयोग कर रहे हैं। आवास योजना में पात्र लोगों की अनदेखी कर संपन्न परिवारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। एक ग्रामीण रमेश आदिवासी का मामला सामने आया है, जिनका नाम 2017 की आवास योजना सूची से बिना किसी कारण के काट दिया गया।

**व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण की जा रही शिकायतें:** हालांकि, बड़ामलहरा जनपद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसके मिश्रा का कहना है कि इस तरह की शिकायत पहले भी आई थी। इंस्पेक्टर से कराई गई जांच में रिश्वत के आरोप निराधार पाए गए थे। उनका मानना है कि यह शिकायतें व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण की जा रही हैं।

**अधिकारियों को हटाने की मांग:** सरपंच और ग्रामीणों ने कलेक्टर से दोनों अधिकारियों को तत्काल हटाकर नई नियुक्तियां करने की मांग की है।

# शहडोल-अनूपपुर बॉर्डर पर 26 टन कोयले से भरा ट्रक जब्त

## अवैध कोयला खनन को लेकर सात लोगों के खिलाफ केस

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल में अवैध कोयला खनन का मामला सामने आया है। बुढ़ार पुलिस ने बकही क्षेत्र से अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 26 टन कोयले से भरे एक ट्रक को जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। शहडोल और अनूपपुर जिले की सीमा पर स्थित बकही में अवैध कोयला खदान संचालित की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अमलाई पुलिस की मिलीभगत से माफिया बेखौफ होकर यह काला कारोबार कर रहे हैं। खनिज विभाग की ओर से भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

बुढ़ार पुलिस ने धर्मकांटा के पास दबिश देकर ट्रक (एमपी 18 जीए 2883) को पकड़ा, जिसमें बिना टीपी नंबर के सतना के लिए कोयला भेजा जा रहा था। पकड़े गए आरोपियों में ट्रक चालक जितेंद्र कुशवाहा, वाहन मालिक जितेंद्र गुप्ता, अमर प्रेम रोडवेज के मुनीम अनिल शर्मा और लोडिंग मशीन चालक साहिद खान शामिल हैं। जब्त किए गए माल की कीमत लगभग 20 लाख रुपए आंकी गई है।

तीन दिन में बुढ़ार पुलिस ने अवैध कोयले से भरे दो वाहनों को जब्त किया है। ये वाहन चचाई थाने से होकर अमलाई और धनपुरी थाने को पार करते हुए जा रहे थे, जब पुलिस ने उन्हें पकड़ा।

## जनसुनवाई में एसडीएम गोपद बनास ने सुनी 90 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 90 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# अमरकंटक में मनाई नर्मदा जयंती, 351 कन्याओं का विशेष पूजन, शाम को होगी महाआरती और दीपदान

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर के अमरकंटक में नर्मदा जयंती का पर्व मंगलवार को मनाया गया। मां नर्मदा के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु परंपरागत वेश-भूषा में नर्मदा मंदिर पहुंचे। जहां 'हर हर नर्मदे' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ मां नर्मदा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। धार्मिक परंपराओं के अनुसार 351 कन्याओं का विशेष पूजन आयोजित किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने स्वयं कन्याओं को भोजन परोसकर सेवा का भाव प्रकट किया।



मंदिर परिसर में आयोजित विशाल प्रसाद भंडारे में बड़ी संख्या में साधु-संत और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन की सफलता में नर्मदा जन्मोत्सव समिति, कल्याण आश्रम, मृत्युंजय आश्रम, शांति कुटी, नर्मदा मंदिर के पुजारी परिवार और नगर परिषद अमरकंटक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और भक्ति ने नर्मदा जयंती के इस पावन अवसर को और भी विशेष बना दिया।

# कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** फरवरी माह के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट सीधी में कार्यालयीन कार्यों की शुरुआत राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के गायन से हुई। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सामूहिक रुप से राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन किया।

## विचार

# पानीदार रहेंगे, तो इज्जतदार होंगे

इन्हीं चुनौतियों को देखते हुए, बुंदेलखंड की जल सहेलियाँ देश में पहली बार जल संरक्षण के लिए एक ऐतिहासिक पदयात्रा का आगाज किया है ।

रविवार को रामराजा सरकार के पावन स्थल बेतवा नदी के कंचना घाट से जल सहेलियों की जल यात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य बुंदेलखंड में जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और समुदाय को जल संकट के प्रति जागरूक करना है। निवाड़ी जिले के जिलाधिकारी लोकेश जांगिड़ ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया और जल सहेलियों को सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। जल संरक्षण आंदोलन के प्रख्यात कार्यकर्ता जल पुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा, आज हमारी जल सहेलियां रामराजा सरकार के प्रांगण से निकल रही हैं और 300 किलोमीटर की जल यात्रा के दौरान गांव के बच्चों और बुजुर्गों को यह समझाते हुए आगे बढ़ेंगी कि यदि हम पानीदार रहेंगे, तो इज्जतदार होंगे और यदि पानीदार होंगे, तो मालदार रहेंगे। उन्होंने राजस्थान के जल संकट का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले वहां पानी की किल्लत के कारण लोग गांव से पलायन कर गए थे, लेकिन अब जल संरक्षण के प्रयासों से गांव के युवा वापस लौटने लगे हैं। जल संसाधन स्थायी समिति के सदस्य एवं जालौन-गरौठा-भोगनीपुर के सांसद नारायण दास अहिरवार ने कहा कि बुंदेलखंड में जल संकट गंभीर रूप ले चुका है। पहले यहां की नदियां बारहमासी प्रवाहित होती थीं, झरने गिरते थे, लेकिन अब अधिकांश जल स्त्रोत सूख चुके हैं। खेतों की सिंचाई के लिए किसान वर्षा और नहरों पर निर्भर हैं, लेकिन अनियमित बारिश के कारण कृषि क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। इन चुनौतियों के बावजूद नीली साड़ी पहने जल सहेलियां बुंदेलखंड को पानीदार बनाने के मिशन में जुटी हुई हैं। परमार्थ समाज सेवी संस्थान के सचिव डॉ. संजय सिंह ने इस ऐतिहासिक क्षण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जल सहेलियों की यह 18 दिवसीय यात्रा ओरछा के कंचना घाट से शुरू होकर छतरपुर के जटाशंकर धाम में संपन्न होगी। इस यात्रा के दौरान जल सहेलियां गांव-गांव जाकर जल संरक्षण का संदेश देंगी और लोगों को जल प्रबंधन के महत्व को समझाएंगी।

## महाकुम्भ में कई अन्य बीमारी से सतर्क होने की जरुरत

महाकुम्भ 25 प्रयागराज में भगदड़ के कारण 30 लोगों के मौत के बाद भी कभी आग लगने स्त्री वेटिंग रूम में टॉयलेट करने से लेकर कई वहाँ से लौटते लोगों में पेट गड़बड़ होने बुखार होने की समस्या से पीड़ित लोग मिल रहें हैं यह बहुत भाड़ी को लेकर हो सकती है यहाँ भीड़ के कारण बीमारी हो सकती है जैसे विदेशों से संबंधों, विशेष रूप से हवाई यात्रा के कारण वैश्विक स्वास्थ्य में चिंता बढ़ रही है।इसमें श्वसन, मल-मौखिक, वेक्टर-जनित, जूनोटिक, रक्त-जनित और यौन रोग संचरण के तरीके पहले ही पहचाने जा चुके हैं ।टिटनस रोग, दुर्घटनाएँ और आतंकवादी हमलों सहित गर्मी से संबंधित गैर-संक्रामक खतरे भी जटिलताएँ पैदा करते हैं।

भीड़ नियंत्रण, अपराध प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएँ और सामाजिक सुरक्षा सहित सामाजिक चुनौतियाँ हैं। इसके अलावा, धार्मिक आयोजन, जैसे कि ज़मीन पर लोटना, या सुबह-सुबह नदी में नग्न होकर नहाना, त्वचा, श्वसन, जठरांत्र और जननांग रोगों का कारण बन सकता है ।

सार्वजनिक स्वास्थ्य से तात्पर्य उन सभी संगठित उपायों (चाहे निजी या सार्वजनिक) से है, जो संक्रामक और गैर-संक्रामक बीमारियों को रोकने, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और समग्र रूप से आबादी के बीच जीवन को लम्बा करने के लिए किए जाते हैं। इसकी गतिविधियों का उद्देश्य ऐसी परिस्थितियाँ प्रदान करना है, जिसमें जनसमूह स्वस्थ रह सके। सार्वजनिक स्वास्थ्य का उद्देश्य बीमारियों की रोकथाम और उपचार के माध्यम से स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बहु-विषयक समूह की आवश्यकता है। किसी आयोजन के लिए स्थल का चयन करते समय, क्षेत्र में किसी भी संभावित स्वास्थ्य खतरे का विश्लेषण किया जाना चाहिए। खतरे अलग-अलग हो सकते हैं, जैसे बिजली के तार जो तूफान, तापमान की चरम सीमा, पराग, कण पदार्थ, धूल के तूफान, कीट, रोगवाहक आदि से गिर सकते हैं।

सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी बुनियादी समस्याएँ हैं-

(1) लोग शौचालय का उपयोग नहीं करते हैं और भारत जैसे विकासशील देश में सामूहिक आयोजन में खुले में चले जाते हैं।

घनी आबादी वाले क्षेत्रों में प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य नेटवर्क की अनुपस्थिति के कारण असाधारण रूप से उच्च बी पी रोग उत्पन्न हुआ है।

मच्छरों का प्रजनन और रोगाणुओं की वृद्धि के बाद दुर्गंध मानव मल की मूल विशेषताएं हैं।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए बहुत सी सरकारी संगठन कार्यरत हैं ठोस अपशिष्ट से संबंधित बुनियादी महत्वपूर्ण मुद्दे हैं

# मानव जनित वैश्विक त्रासदी है भगदड़



गत 28 जनवरी की देर रात 1:30 बजे के क़रीब संगम तट पर भगदड़ की घटनायें हुईं। इस दुर्भाग्यपूर्ण भगदड़ को लेकर कई अलग अलग दावे किये जा रहे हैं। स्वयं को प्रत्यक्षदर्शी बताने वाले कुछ लोगों का दावा है कि उस रात एक नहीं बल्कि 3 स्थानों पर भगदड़ हुई। इनमें दो जगहें संगम मेला क्षेत्र में थीं और एक भगदड़ जी टी रोड पर भी हुई बताई जा रही है। इसी तरह मृतकों के आंकड़ों को लेकर भी अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है। सैकड़ों लोग अपने बिछड़े परिजनों को तलाश रहे हैं। हज़ारों लोगों के जुते चप्पल व अन्य सामान लावारिस पड़े दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जिनकी फ़ोटो योग गुरु रामदेव के साथ भगदड़ से दो दिन पहले ही नृत्यासन जैसी मुद्रा में वायरल हो रही थी, भगदड़ के बाद भी कई वेबसाईट व अख़बारों ने उसी फ़ोटो को प्रकाशित किया गया है। दरअसल उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को इस भगदड़ को लेकर इसलिये भी आलोचना का शिकार होना पड़ रहा है क्योंकि सरकार इस पूरे महाकुंभ आयोजन को अपनी सरकार की सफलता के रूप में काफ़ी बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रही थी। ज़ाहिर है जो सरकार अपनी सफलता के लिये अपनी पीठ स्वयं थपथपाने में माहिर हो कम से कम उसकी कमियों को उजागर करने का काम ईमानदार मीडिया व आलोचकों को तो करना ही चाहिये ? जबकि भगदड़ न तो कुंभ मेले में पहली बार हुई है न ही केवल कुंभ में ही भगदड़ होती है। और ऐसा भी नहीं है कि केवल भारत में ही भगदड़ होती हो। सऊदी अरब के मक्का में 1990 में हज यात्रा के दौरान एक बड़ी भगदड़ मचने से लगभग 1,400 लोगों की मौत हो गई थी। यह हादसा तब हुआ जब एक तंग मार्ग पर भीड़ जमा हो गई थी और लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे थे। इसी तरह सऊदी अरब में ही 2006 में हज के दौरान बड़ी भगदड़ में लगभग 360 हज यात्रियों की मौत हो गई थी। इसी तरह 2015 के हज में हुई बड़ी भगदड़ हज यात्रा के दौरान का अब तक का सबसे बड़ा हादसा था जिसमें लगभग 2,300 लोगों की जान चली गई थी। यह हादसा भीड़ की असंतुलित स्थिति के कारण हुआ था, जब हज यात्रियों का एक समूह शैतान पर पत्थर फेंकने के लिए इकट्ठा हो रहा था। इसी तरह कुंभ मेलों के दौरान भी भगदड़ मचने के पूर्व में इससे भी बड़े व भयानक हादसे हुए हैं। कई देशों में फ़ुटबाल मैच या अन्य खेल अथवा मनोरंजक आयोजनों के दौरान भगदड़ मचने की घटनायें हो चुकी हैं।दरअसल भीड़ को कम कर या उसे विभिन्न क्षत्रों में विभाजित कर ऐसे हादसों को टाला जा सकता है। परन्तु सरकार तो स्वयं भीड़ के आंकड़ों को बढ़ा चढ़ाकर पेश करती है। ऐसे में जो श्रद्धालु रोज़ाना करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम तट पर पहुँचने की ख़बर घर बैठे सुनता रहता है और मीडिया के माध्यम से वहां उपलब्ध सुविधाओं के सब्ज़ बाग़ देखता रहता है वह ज़रूर सोचता होगा कि कहीं वही इस पावन अवसर पर पुण्य कमाने से महरूम न रह जाये। और यह सोचकर आम भक्तजन तरह तरह की दुःख तकलीफ़ उठाते हुये भी चल पड़ते हैं। परन्तु जब वह ऐसे विशाल आयोजनों में पहुँचते हैं फिर उन्हें पता चलता है कि गोदी मीडिया द्वारा टी वी पर किया जाने वाला प्रचार या विज्ञापनों से पटे पड़े अख़बार केवल सरकार द्वारा प्रचारित उजले पक्ष को ही रखते हैं। और इसतरह का हादसा हो जाने के बाद केवल लाशों की संख्या छुपाने या कम बताने की बात तो पूर्व में भी होती ही रही है। परन्तु यह पहली बार सुनने में आ रहा है कि इस बार तो सरकार पूरी भगदड़ पर ही पर्दा डालने की कोशिश कर रहे है। अन्यथा क्या कारण है कि अलग अलग सूत्रों से प्राप्त होने वाली तीन अलग अलग भगदड़ की ख़बरों के बीच सरकार अभी तक यह क्यों नहीं बता पाई कि 28 जनवरी को प्रयागराज कुंभ में भगदड़ के हादसों की वास्तविक संख्या क्या थी। भगदड़ के अतिरिक्त आगज़नी की भी कई घटनायें इसी मेला क्षेत्र में हो चुकी हैं। कभी साधुओं व कल्पवासियों के टेंट जल गये तो कभी गीता प्रेस के 180 टेंट कॉटेज जलकर राख हो गये।

ऐसे हादसों से क्या हम वास्तव में कोई सबक़ लेने को तैयार भी हैं ? क्या भीड़ को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करने वाली सरकारें अपने इस आमंत्रित वोट बैंक की जान व माल की सुरक्षा की गारंटी भी ऐसे आयोजनों में दे सकती हैं ? क्या वजह है कि ऐसी भगदड़ों में प्रायः वही लोग अपने जान माल से हाथ धो बैठते हैं जो सरकार की लाभार्थियों की सूची में शामिल हैं। जबकि सत्ता व शासन-प्रशासन के निकटस्थ या फिर सम्पन्न व विशिष्ट लोग ऐसे हादसों में मरते कुचलते नहीं सुनाई देते। क्योंकि ऐसे विशिष्ट लोग अपने धन या प्रोटोकाल की बदौलत स्वयं को कहीं भी सुरक्षित कर लेते हैं जबकि आम आदमी के तो नसीब में ही भीड़ और भगदड़ का शिकार होना लिखा है। कई जगहों पर वी आई पी की आवाजाही के चलते भी भगदड़ जैसे हादसे होते रहे हैं। गत 28 जनवरी के हादसे को भी कथित तौर पर वी आई पी मूवमेंट से जोड़कर देखा जा रहा है। शायद यही वजह थी कि इस घटना के फ़ौरन बाद ही सभी वी आई पी पास निरस्त कर दिए गये। बताया जाता है कि 3 फ़रवरी, 1954 को भी इलाहबाद में लगे कुंभ मेले में मौनी अमावस्या के लिए लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। यहाँ कुछ अफ़वाहें फैलने के बाद भगदड़ मच गई। 45 मिनट तक चली इस भगदड़ में लगभग 800 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। बताया जाता है कि उस कुंभ में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भी आए थे। इसी तरह सऊदी अरब में हज के दौरान जहां टेंटों में आग लगने व हाजियों के ज़िंदा जलने की ख़बरें आ चुकी हैं वहीं कहीं शैतान पर पत्थर फेंकने या तंग रास्ते में अत्याधिक लोगों के इकठ्ठा होने के कारण भी भगदड़ मच चुकी है। वहीं हज के दौरान सऊदी किंग के आवागमन व उनके प्रोटोकाल पर अमल करने के कारण भी भगदड़ के हादसे हो चुके हैं। कहा जा सकता है कि भगदड़ एक मानव जनित वैश्विक त्रासदी है और जब जब जहाँ जहाँ इसतरह की अनियंत्रित भीड़ इकट्ठी होती रहेगी ऐसे हादसों की संभावना हमेशा बनी रहेगी।

# जागरूकता से ही होगा कैंसर रोग पर नियंत्रण

कैंसर बीमारियों का एक जटिल समूह है जिसकी विशेषता असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार है । इसमें 100 से अधिक विभिन्न रोग शामिल हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इन्हें कार्सिनोमा, सारकोमा, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा जैसे प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है। इसके कारणों में आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारक शामिल हैं, जिनमें अस्पष्टीकृत वजन घटाने से लेकर लगातार थकान तक के लक्षण शामिल हैं। कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरुआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है।

कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है।



नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे। दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।

अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।

भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की नैशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ें बताते हैं कि देश में 2023 में कैंसर के मामले 15 लाख तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऐसे हजारों केस भी होंगे जिनका आंकड़ा नहीं मिल पाता होगा। भारत में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। 2040 तक भारत में कैंसर के मामले 2020 की तुलना में 57.5त्न बढ़कर 20लाख 80हजार हो जाएंगे। (आईसीएमआर) के मुताबिक भारत में हर साल 1.3 मिलियन से ज़्यादा नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। कैंसर रोग का इलाज करने वाले डॉक्टरों का भी मानना है कि यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कैंसर रोग की शुरुआती पहचान, जोखिम में कमी और प्रबंधन जैसे उपाय जरूरी है।

(आईसीएमआर) के आंकड़ों को देखें तो 2021 में कैंसर के 1426447 मामले नैशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम में दर्ज किए गए। 2022 में यह संख्या बढ़कर 1461427 हो गई और 2023 में 1496972 केस सामने आए। हर 9 में से से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की संभावना है। पुरुषों में फेफड़े और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के काफी मामले सामने आ रहे हैं। 14 वर्ष तक की आयु में लिम्फोइड ल्यूकेमिया का खतरा बढ़ा है। 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी का अनुमान है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है।

विश्व कैंसर दिवस 2025 की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इफेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू करके, हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं।

विश्व कैंसर दिवस दुनिया पर कैंसर के प्रभाव को कम करने के लिए सभी के लिए मिलकर काम करने का एक अवसर है। जागरूकता बढ़ाकर, शिक्षा को बढ़ावा देकर, दूसरों को नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करके और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं।

# सराफा कारोबारी के ठिकानों पर आईटी की रेड

## 2 दिन पहले की बेटी की शादी, खर्च हुई मोटी रकम, फोन जब्त कर पूछताछ





**मीडिया ऑडीटर, धमतरी (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में मंगलवार को आयकर विभाग की टीम ने सेठिया ज्वेलर्स के मालिक महेश सेठिया के ठिकाने पर दबिश दी है। कारोबारी और उनके परिवार के सदस्यों के फोन जब्त कर उनसे पूछताछ की जा रही है। कारोबारी ने दो दिन पहले ही अपनी बेटी की रायपुर में शादी की है।

जानकारी के मुताबिक, कार्रवाई में रायपुर और धमतरी के आयकर विभाग की 10 सदस्यीय टीम शामिल है। दोपहर करीब 1:30 बजे कारोबारी के इतवारी बाजार के दुकान और मैत्री विहार कॉलोनी के घर में छापेमारी की गई। दोनों जगहों पर दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

**पहले दुकान, फिर घर पहुंची टीम:** बताया जा रहा है कि, सबसे पहले आयकर की टीम इतवारी बाजार स्थित श्री सेठिया ज्वेलर्स पहुंची। यहां से संचालक महेश सेठिया को लेकर मैत्री विहार कॉलोनी स्थित उनके घर गई। दुकान से ग्राहकों को बाहर निकालकर आधा शटर गिराकर दस्तावेज चेक किए जा रहे हैं।

**टैक्स चोरी की आशंका:** आशंका जताई जा रही है कि, टैक्स चोरी और आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई चल रही है। दोनों जगहों पर हथियारबंद पुलिस के जवान तैनात हैं। हालांकि घर के सदस्यों का कहना है कि, आयकर विभाग की टीम सर्वे के लिए पहुंची है।

**दो दिन पहले हुई है बेटी की शादी:** बता दें कि, सेठिया परिवार ने दो दिन पहले रायपुर में लड़की की बड़े ही धूमधाम से शादी की है, जिसमें मोटी रकम खर्च करने की बात कही जा रही है। उसके ठीक बाद आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा है। हालांकि, वित्तीय वर्ष खत्म होने से पहले भी इस तरह टीम सर्वे के लिए पहुंचती रहती है।

# महिला मतदान दल का हुआ प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार में आगामी नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान दलों की विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया गया। जिसमें 80 महिलाओं ने नगरीय निकाय निर्वाचन कराने के लिए प्रशिक्षण लिया। नगरीय निकाय मनेंद्रगढ़ के रिटर्निंग ऑफिसर अनिल कुमार सिदार द्वारा ष्द्यश्ष्द्म श्वह्लश्वह्न के बारे में बताया गया।

प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम सेट के माध्यम से दो पदों पर मतदान प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि एक मतदान यूनिट में 16 पैनल होते हैं, जो 2 खंडों में विभाजित होंगें। पहले पैनल में महापौर/अध्यक्ष पद के नाम का उल्लेख होगा, इसके बाद के पैनलों में अभ्यर्थियों के नाम और निर्वाचन प्रतीक होंगे। अंतिम अभ्यर्थी के बाद के पैनल में "उपर्युक्त में से कोई नहीं" (नोटा) का प्रावधान रहेगा। वही दूसरे पद में (पार्षद) के लिए भी इसी प्रकार पैनलों का विवरण रहेगा। यदि महापौर/अध्यक्ष के लिए पांच अभ्यर्थी हैं, तो दो पैनल अभ्यर्थियों की संख्या अनुसार छः तक होंगे और सातवां पैनल नोटा के लिए होगा। इसी प्रकार पार्षद पद के लिए आठवें पैनल से प्रारंभ होगा और 15वां पैनल नोटा के लिए होगा। 16वां पैनल लाल रंग का "ईन्ड" बटन होगा, जिसे मतदान के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। यदि अभ्यर्थियों की संख्या अधिक है, तो अतिरिक्त मतदान यूनिट जोड़े जा सकते हैं, परंतु चार से अधिक नहीं। चार यूनिट के माध्यम से अधिकतम 56 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की जा सकती है, जिसमें पद, नाम, प्रतीक चिन्ह और नोटा पैनल शामिल हैं। प्रत्येक मतदाता को महापौर/अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए अलग-अलग मतदान करने का अधिकार होगा। मतदान प्रक्रिया में प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग लेबल स्थापित किए जाते हैं। मतदाता अपनी इच्छा अनुसार संबंधित बटन दबाकर अपना मत अभिलिखित कर सकता है। यदि कोई मतदाता किसी भी अभ्यर्थी को मत नहीं देना चाहता है, तो वह नोटा बटन दबाकर यह दर्ज कर सकता है। यदि कोई मतदाता केवल एक पद के लिए मतदान करता है और "ईन्ड" बटन दबाता है, तो इसे अंडर वोट (अन्डर वोट) माना जाएगा। यदि वह किसी भी बटन को दबाए बिना "ईन्ड" बटन दबाकर बाहर आता है, तो इसे नो वोट (नो वोट/ अनफिनिसड ) कहा जाएगा। वहीं यदि कोई भी बटन दबाए बिना मतदान कक्ष से बाहर आता है, तो मतदान अधिकारी किसी भी स्थिति में बूथ के अंदर जाकर "ईन्ड" बटन का उपयोग नहीं करेंगे। ऐसी स्थिति में वे मशीन को बंद कर पुनः चालू करेंगे और ईवीएम अगले मतदाता के लिए तैयार की जाएगी। सभी प्रकार के मतों का विवरण मतदान मशीन के कंट्रोल यूनिट में रिकॉर्ड किया जाएगा।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर टी. विजय गोपाल राव, श्रीकांत लांजेवार, संजय ताम्रकार, नारायण तिवारी, डॉ. विनोद पाण्डेय सहित जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा उपस्थित रहे।

# चिरमिरी के वार्ड नंबर 10 में मतदाताओं को ईवीएम का दिया गया प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार नगर पालिका निगम चिरमिरी में आम निर्वाचन 2025 को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर ईवीएम का प्रचार-प्रसार किया गया। मतदाताओं को ईवीएम के सही उपयोग और प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। नगर पालिका निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ईवीएम का डेमोस्ट्रेशन आयोजित कर सैकड़ों मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता बिना किसी भ्रम या संकोच के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। मास्टर ट्रेनर ने मतदाताओं को ईवीएम मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया, जिससे वे मतदान प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझ सकें। इस जागरूकता पहल से वार्ड के नागरिकों में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मुकाबला पैसा और पसीने का है, यह चुनाव पैसा बनाम पसीना है: श्याम बिहारी

## पुर्व विधायक डॉ विनय जयसवाल का महापौर के लिए कोई नामोनिशान था क्या?

### भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन और आम सभा में हजारों की उमड़ी भीड़



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** नगर पालिक निगम चिरमिरी शहर के डोमनहिल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता और आमसभा में हज़ारों की भीड़ में सम्मिलित हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के समक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने अपनी बातों को रखा और आम सभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में श्याम बिहारी जयसवाल ने अपने कार्यकर्ताओं को कहा कि हज़ारों की भीड़ में मौजूद यह वही ताकत है जिसने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 23000 वोटों की ऐतिहासिक जीत दिलाई और पार्टी को मजबूत किया और मौका दिया कि भाजपा सम्पूर्ण भाव से जनता की सेवा कर सके। छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और कहा भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा संगठन है जहां कोई बड़ा या छोटा नहीं, भाजपा का हर एक कार्यकर्ता पार्टी का एक एहम हिस्सा है जिसने इस संगठन को हमेशा मजबूत बनाया और देश हित और देश की सेवा के लिए हर कार्यकर्ता सदैव तत्पर रहा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने कार्यकर्ताओं के भव्य भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में डबल इंजन की सरकार भाजपा के कार्यकर्ताओं के दम पर ही बना है और जब तक ट्रिपल इंजन की सरकार नहीं बनेगी तब तक चिरमिरी शहर का विकास होना संभव नहीं है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी के चालीस के चालीस वार्डों के पार्षद एवं महापौर कैंडिडेट्स की यह ज़िम्मेदारी है कि वे प्रचंड बहुमत से जीतें। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी ना सिर्फ देश मगर पूरे विश्व के समस्त राजनैतिक दलों से बिल्कुल अलग है क्योंकि अन्य पार्टियों में परिवारवाद, वंशवाद, राजशाही राजतंत्र है, जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी राहूल गांधी सोनिया गांधी बीच में राजीव गांधी इसके बाद प्रियंका गांधी, ये गांधी परिवार लगातार आज़ादी के 75 सालों में 70 साल कांग्रेस का नेतृत्व इन्हीं लोगों ने किया, ठीक इसी तरह आज चिरमिरी क्षेत्र में एक ही परिवार में विधायक भी बने महापौर भी बनें, इसके बाद फिर जब महापौर का नंबर आया फिर विधायक से महापौर बनने की ओर निकल पड़े, ऐसा संस्कार कांग्रेस पार्टी का ही है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो एक साधारण से चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री बना दिया, ठीक उसी तरह मेरे जैसे गांव में रहने वाले साधारण से किसान के बेटे को जिसके पिता जी हल चलाते थे, उसे टिकट दे कर विधायक बनाया और विधायक से कैबिनेट मंत्री बना दिया यह भारतीय जनता पार्टी है। उसी तरह चिरमिरी शहर का प्रथम महापौर डमरू बेहरा जो कि एक सामान्य से व्यक्तित्व वाले एक साधारण से एल आई सी एजेंट को उठा कर भारतीय जनता पार्टी ने टिकट दिया और रिकार्ड मतों से जीतने वाला महापौर बनाया, ठीक उसी तरह इस बार भी भारतीय जनता पार्टी ने हम और आप सभी के बीच के कार्यकर्ता जिनके पिता जी जो? कि एक सामान्य से कोलियरी मजदूर थे जिन्होंने ने जम खम से ले कर लगातार भारतीय जनता पार्टी तक उन्होंने एहम भुमिकाएं निभाईं जिसके बाद उनके सुपुत्र राम नरेश राय जो किसी आसमान से आ नहीं टपके, हम सभी के बीच से ही आए हैं, राम नरेश राय जैसे साधारण से कार्यकर्ता जो हमेशा पार्टी के हर एक बैठक में सम्मिलित होते थे मगर पीछे रहते थे, विधि प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक कोरिया जिले का दायित्व इन्होंने बड़ी बखूबी संभाला, दो बार विधानसभा चुनाव में मेरे ही चुनाव में इलेक्शन एजेंट का कार्य भी किए, और जब भी पार्टी का कोई कार्यक्रम हो अपने वकालत पेशे से समय निकालकर पार्टी को सदैव महत्व भी दिया। पुर्व विधायक तो खुद कहते हैं कि भाजपा का प्रत्याशी उनके लेवल का स्तर का नहीं है, तब ज़रा ये बताएं कि राजनीति में पार्टियां केवल पूंजिपतियों पैसे वालों को टिकट देते रहें, तो भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को ध्यान देती है मगर यदि इनकी तरह केवल पैसे वालों को टिकट देते रहें तो समाज के जो बुद्धिजीवी वर्ग हैं किसान हैं मजदूर हैं क्या इन्हें विधायक महापौर बनने का कोई अधिकार नहीं है? उन्हें भी पूरा अधिकार है। तो उसी तरह ऐसे महापौर प्रत्याशी जो कोलियरी मजदूर का बेटा जो कि पेशे से एडवोकेट हैं ऐसे व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी ने टिकट दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि पुर्व विधायक विनय जयसवाल ने ही कॉन्फ्रेंस में बयान दिया था कि उनके अपने ही पार्टी के उच्च पदाधिकारी चंदन यादव ने विधानसभा टिकट के लिए सात लाख रूपए उनसे लिए और पैसे के लेन देन के बाद टिकट कटा, और जब पुर्व विधायक एवं कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी डॉ. विनय जायसवाल ने आरोप लगाया तो पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया।

# प्रेक्षक ने विभिन्न मतदान केन्द्र तथा स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के सुचारू संचालन के लिए नियुक्त प्रेक्षक दुष्यंत कुमार रायस्त ने जनपद पंचायत खड़गवां के आरओ कार्यालय में चल रहे संविक्षा प्रक्रिया को देखा तथा खड़गवां क्षेत्र के मतदान केंद्रों और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। संविक्षा प्रक्रिया में संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहकर मतदान की व्यवस्था को सही तरीके से सुनिश्चित कर रहे हैं। प्रेक्षक ने चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रांग रूम और मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान, मतदान केंद्रों की दीवारों पर मतदान केन्द्र का नाम और क्रमांक लिखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मतदान के दिन कोई असुविधा न हो और मतदान केन्द्रों की पहचान स्पष्ट रहे।

# बीच सड़क काटा केक, हाईकोर्ट से सरकार को फटकार

## जज बोले-आम आदमी को गुंडा बताकर जेल में डाल देते, मॉल संचालक का महज 300 काटा चालान



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** रायपुर में मुंबई-कोलकाता नेशनल हाईवे पर बीच सड़क केक काटने के केस में हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई है। साथ ही 300 रुपए की चालानी कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई आम आदमी ऐसा करता तो उसे गुंडा-बदमाश बताकर जेल में डाल देते। हाईकोर्ट ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई करने वाले ट्रैफिक पुलिस के अफसर को तत्काल निलंबित करिए। साथ ही मामले में राज्य सरकार को शपथ-पत्र के साथ जवाब देने कहा है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की। अब डीडी नगर पुलिस मॉल के मालिक रोशन पांडेय और बड़े बेटे लोक पांडेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करेगी। दोनों पर हाईवे को जाम करना और न्यूसेंस फैलाने का आरोप है। हुड़दंग और आतिशबाजी के बाद ट्रैफिक मुख्यालय से रोशन पांडेय और लोक पांडेय के खिलाफ चालान काटा गया था।

**जानिए क्या है पूरा मामला:** दरअसल, 30 जनवरी को रायपुरा चौक पर बीच सड़क पर दो कारें खड़ी थीं। कार के बोनट पर केक रखकर काटा गया। इसके साथ ही हुड़दंग किया गया और आतिशबाजी की गई। इस दौरान जिस नाबालिग लड़के का जन्मदिन था, उसका पिता भी मौजूद था। उसने अपने बेटे को भी नहीं रोका और तमाशा देखता रहा। सभी मिलकर हुड़दंग मचा रहे थे। गाने भी बजा रहे थे। इससे राहगीरों को भी परेशानी हुई। इस दौरान बीच सड़क पर कारें खड़ी होने की वजह से मुंबई-कोलकाता नेशनल हाईवे पर जाम लग गया था।

**महज 300 रुपए का चालान काटकर औपचारिकता:** इस दौरान किसी राहगीर ने हुड़दंगई करने का वीडियो रिकॉर्ड किया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। ट्रैफिक जाम होने के बाद लोगों ने वायरल वीडियो में परेशानी का जिक्र किया था, जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने महज 300 रुपए का चालान काटकर औपचारिकता निभाई थी।

**अब जानिए इसी तरह के केस में क्या कार्रवाई हुई थी:** 1 महीने पहले रायपुर में देर रात सड़क पर खड़े होकर तलवार से केक काटा गया था। वायरल वीडियो में एक युवक के हाथ में तलवार थी। युवक अपने दोस्तों के कंधे पर बैठकर हवा में तलवार लहरा रहा था।वीडियो विक्की पटेल नाम के युवक की आईडी से अपलोड हुआ था। इस दौरान करीब 20-25 लड़के वहां पर मौजूद थे। सभी देर रात तेज धुमाल की आवाज में नाचते रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। ऑर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।

# 32 मतदान अधिकारियों को नोटिस

## बिना सूचना के ट्रेनिंग से गायब रहे अफसर, 24 घंटे में मांगा जवाब, निलंबन की चेतावनी



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र में 32 अधिकारी बिना जानकारी के गायब रहे। इन अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। जिसमें उन्हें निलंबित करने की चेतावनी दी गई है। नगरीय निकाय चुनाव में प्रशिक्षण सत्र में जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, उनमें से 32 अधिकारी और कर्मचारी 30-31 जनवरी को बिना किसी आधिकारिक सूचना के अपनी ड्यूटी से नदारद हो गए थे।

**24 घंटे के भीतर जवाब देने कहा:** मामले में लापरवाही उजागर होने पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लिया और ट्रेनिंग से नदारद कर्मचारियों को 24 घंटे के भीतर अपना जवाब देने के लिए कहा गया है। नोटिस प्राप्त करने वाले अधिकारियों में 12 पीठासीन अधिकारी, 3 मतदान अधिकारी वर्ग 3, 9 मतदान अधिकारी वर्ग 2 और 8 मतदान अधिकारी वर्ग 1 के शामिल हैं।

**स्पष्टीकरण के साथ उपस्थित रहने के आदेश:** उप निर्वाचन अधिकारी शिव बनर्जी ने आदेश जारी करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित न होने पर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। साथ ही पांच और छह फरवरी को आयोजित दूसरे प्रशिक्षण सत्र में अनिवार्य रूप से शामिल हो इस पर अनुपस्थित होने पर निलंबन की कार्रवाई भी की जा सकती है।

# कैंसर की बीमारी से बचाव संभव है, सही जीवन शैली अपनाना बहुत जरूरी है

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** हर वर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना होता है, इस घातक बीमारी से बचाव के उपायों पर चर्चा करना और इससे पीड़ित लोगों को सहयोग प्रदान करना है। विश्व कैंसर दिवस की शुरुआत यूआईसीसी ने 4 फरवरी 2000 को की थी। इसके तहत विश्वभर में लोगों को इस बीमारी के प्रति शिक्षित किया जाता है और सरकारों से कैंसर के रोकथाम के लिए प्रभावी नीति अपनाने का आग्रह किया जाता है।

**कैंसर क्या है:** कैंसर एक गंभीर बीमारी है जिसमें शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर (गांठ) बना सकती हैं। यह बीमारी शरीर के किसी भी भाग में हो सकती है और समय पर इलाज न मिलने पर यह शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकती है। कैंसर के कई प्रकार होते हैं, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं- स्तन कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, गर्भाशय कैंसर, मौखिक कैंसर, त्वचा कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, लिवर कैंसर और ब्लड कैंसर इसमें महत्वपूर्ण होते है ।

**कैंसर होने का कुछ खास कारण:** कैंसर होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनमें मुख्य रूप से अनियमित जीवनशैली, तंबाकू और धूम्रपान, अनुवांशिक कारण, वायरल संक्रमण, प्रदूषण और रेडिएशन, अस्वास्थ्यकर आहार और शारीरिक निष्क्रियता शामिल हैं। धूम्रपान और शराब का अत्यधिक सेवन मुंह और फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। अनुवांशिक कारणों से भी कुछ विशेष प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा खराब आहार, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता भी कैंसर की संभावना को बढ़ाते रहते हैं।

**कैंसर के प्रमुख लक्षण:** कैंसर के कुछ प्रमुख लक्षण शरीर के प्रभावित भाग के अनुसार भिन्न हो सकते हैं, लेकिन कुछ सामान्य लक्षण हैं जैसे- शरीर में असामान्य गांठ या सूजन, अत्यधिक थकान और कमजोरी, अचानक वजन कम होना, लगातार खांसी या गले में खराश रहना, किसी घाव का लंबे समय तक न भरना, पेशाब या मल त्याग में बदलाव, त्वचा पर असामान्य धब्बे या निशान, अत्यधिक रक्तस्राव या अनियमित रक्तस्राव हो सकते है ।

**कैंसर की पहचान कैसे करें:** अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो उन्हें तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। कैंसर की पहचान के लिए बायोप्सी, एमआरआई, सीटी स्कैन, ब्लड टेस्ट और एक्स-रे जैसे परीक्षण किए जाते हैं।

**कैंसर से बचाव के लिए कुछ महत्वपूर्ण उपाय:** कैंसर से बचाव के लिए हमें कुछ महत्वपूर्ण उपाय अपनाने चाहिए। सबसे पहले, धूम्रपान और शराब से बचना आवश्यक है क्योंकि यह कैंसर का एक प्रमुख कारण है। स्वस्थ आहार लेना भी जरूरी है जिसमें हरी सब्जियां, फल, साबुत अनाज और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन शामिल हो।

# सड़क सुरक्षा माह का समापन, एसपी भावना गुप्ता बोलीं- यातायात नियमों का पालन कानूनी नहीं, जिम्मेदारी भी है




**मीडिया ऑडीटर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (एजेंसी)।** पेंड्रा में 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन हुआ। जिले के मल्टीपरपस हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर यातायात सुरक्षा से जुड़े लोगों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसपी भावना गुप्ता ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, नशे में वाहन न चलाने और यातायात संकेतों के पालन पर विशेष जोर दिया।

**यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें:** एसपी ने कहा कि, सड़क सुरक्षा केवल कानून के दायरे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारी भी है। हमें खुद भी सतर्क रहना होगा और अपने परिवार, समाज को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना होगा।

**इन बातों का रखें ध्यान:** एसपी ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, नशे में वाहन न चलाएं, ओवरस्पीडिंग से बचें और सड़क पर पैदल चलने वालों का सम्मान करें। एक छोटी-सी सावधानी हमारे जीवन को सुरक्षित बना सकती है। सुरक्षित चलें, सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।"

**'सही आदतें अपनाने से हादसों में आएगी कमी':** एसडीओपी दीपक मिश्रा और थाना प्रभारी पेंड्रा उप निरीक्षक गंगा प्रसाद बंजारे ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि असावधानी और लापरवाही से होने वाली हादसों को सही आदतें अपनाकर रोका जा सकता है।

**स्कूली छात्रों का सम्मान:** कार्यक्रम में अभियान के दौरान आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्हें यातायात सुरक्षा से जुड़े अभियानों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

**यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना उद्देश्य:** बता दें कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के निर्देश पर 1 से 31 जनवरी 2025 तक चले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों को कम करना और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

## ईसी बोला-चुनाव से पहले हम पर दबाव बनाया जा रहा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को राजनीतिक पार्टियों के बार-बार दबाव बनाने और आरोपों पर अपनी बात रखी। ईसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, 3 सदस्यीय आयोग ने महसूस किया है कि दिल्ली चुनावों में आयोग को बदनाम करने के लिए, बार-बार जानबूझकर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। आयोग ने कहा, रणनीति इस प्रकार है कि मानो ईसी एक एकल सदस्यीय निकाय है। आयोग ने संवैधानिक तरीके से आरोपों का बुद्धिमत्ता के साथ धैर्यपूर्वक सामना किया और इससे प्रभावित नहीं हुआ है। हालांकि अपने इस बयान में आयोग ने किसी भी पार्टी का नाम नहीं लिया है। आयोग ने कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव साफ-सुथरे होंगे। इसके लिए 1.5 लाख कर्मी तैनात किए गए हैं। दिल्ली सीएम आतिशी ने कहा- चुनाव आयोग भाजपा को सपोर्ट कर रहा दरअसल,आप और सीएम आतिशी ने आज सुबह आरोप लगाया कि चुनाव आयोग गुंडागर्दी को बढ़ावा दे रहा है। वह भाजपा को सपोर्ट कर रहा है। पार्टी ने यह आरोप तब लगाया, जब दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज किया।

# संसद में मोदी की 1.35 घंटे की स्पीच

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में भाषण दिया। 1़35 घंटे की स्पीच में उन्होंने नाम लिए बिना गांधी परिवार, केजरीवाल और विपक्ष के नेताओं के आरोपों के जवाब दिए। पीएम ने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा- कुछ लोग जाति जनगणना की बात कर रहे हैं। कोई बताए इस देश में कभी किसी एससी या एसटी परिवार के तीन सांसद एक समय में हुए हैं। गांधी परिवार से इस समय तीन सांसद हैं। राहुल और प्रियंका लोकसभा में और सोनिया गांधी राज्यसभा में सांसद हैं। पीएम ने राहुल का नाम लिए बिना कहा- गरीबों की झोपड़ी में फोटो सेशन कराने वालों को गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। राहुल गांधी ने सोमवार को कहा था- राष्ट्रपति का भाषण बोरिंग था। पीएम ने कहा- दिल्ली में आपको कई स्थान ऐसे मिलेंगे, जहां कुछ परिवारों ने अपने म्यूजियम बनाकर रखे हैं। हमने पीएम म्यूजियम बनाया। देश के पहले से लेकर मेरे पूर्व तक के सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन और कार्य को दिखाया गया है।



हमें और बड़े लक्ष्य पार करके रहेंगे। ये तो अभी हमारी तीसरी ही टर्म है। हम देश की आवश्यकता के अनुसार आधुनिक भारत बनाने के लिए आने वाले अनेक वर्षों तक जुटे रहने वाले लोग हैं। मैं सभी दलों से आग्रह करता हूं कि अपनी अपनी राजनीतिक विचारधाराएं होंगे, लेकिन देश से बड़ा कुछ नहीं हो सकता है। मिलकर विकसित भारत के सपने को पूरा करेंगे। देश विकसित होगा, हमारे बाद की जो पीढ़ियां होंगी। कहेंगी कि 2025 में एक संसद थी, जिसका हर सांसद देश को विकसित बनाने के लिए काम कर रहा है।

## अखिलेश ने महाकुंभ हादसे पर मौन की मांग की

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के बजट सत्र का आज (4 फरवरी) चौथा दिन है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान सपा सांसद अखिलेश यादव ने चर्चा की शुरुआत की। अखिलेश ने महाकुंभ हादसे पर 2 मिनट मौन की मांग की। स्पीकर ने इससे इनकार कर दिया। अगर सत्ता पक्ष के मन में अपराध बोध नहीं है तो आंकड़े छिपाए क्यों जा रहे हैं। डिजिटल कुंभ कराने वाले मृतकों की मौत की डिजिट नहीं बता पा रहे हैं। खोया-पाया केंद्र ही नहीं मिल रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि वहां (महाकुंभ में) लोगों के चप्पलें-जूते और कपड़े बिखरे थे। यूपी के सीएम ने दुख नहीं प्रकट किया, जब सब जगह मौतों की बात आ गई तो उन्होंने 17 घंटे बाद इसे बताया। पहले अखाड़ों का स्नान रद्द कर दिया और जब पूरे देश में ये बात उठी तो फिर स्नान कराया। इस पर भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि कुंभ मेला में हुई भगदड़ कोई बड़ी घटना नहीं थी। इसे मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है। कुंभ में अच्छी व्यवस्था है। दरअसल, 30 जनवरी को माघी अमावस्या के दिन कुंभ मेला के संगम क्षेत्र में भगदड़ मची थी। प्रशासन ने 30 लोगों की मौत 60 लोग घायल होने की बात कही थी।

# गुजरात में भी यूसीसी लागू करने की तैयारी

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता लागू हो सकता है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को मसौदा तैयार करने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी की घोषणा की। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना देसाई को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा कमेटी में 4 सदस्य होंगे। कमेटी 45 दिनों में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर यूसीसीलागू करने का फैसला लिया जाएगा। एक अधिकारी के मुताबिक, समिति रिपोर्ट तैयार करने के लिए मुस्लिम समुदाय और दूसरे धार्मिक नेताओं से भी मुलाकात करेगी। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा- यूसीसी लागू होने पर आदिवासियों



के अधिकारों की रक्षा होगी। उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है जहां 27 जनवरी को यूसीसी लागू किया गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी पोर्टल और नियम लॉन्च किया था। उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड में यूसीसी लागू करके हम संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

सीएम पटेल ने कहा- जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है, प्रधानमंत्री मंत्री महोदय ने देश के सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए समान नागरिक संहिता का प्रस्ताव रखा है।

उन्होंने कहा कि इसे पूरे देश में लागू करने का निर्णय लिया गया है। भाजपा सरकार जो कहती है, वह करती है। एक राष्ट्र एक चुनाव, अनुच्छेद 370, तीन तलाक कानून आदि को लेकर किए गए वादे एक के बाद एक पूरे किए गए हैं।

अब समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया गया है।

गुजरात अपने संकल्प को पूरा करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

## सुप्रीम कोर्ट ने यूएपीए पर सुनवाई से इनकार किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को यूएपीए प्रावधानों में संशोधन के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट से मामले की सुनवाई करने को कहा है। बेंच ने कहा- सुनवाई के लिए, हम पहले कोर्ट (उदाहरण) नहीं हो सकते हैं। कई परेशानियां सामने आती हैं। कभी-कभी मुद्दे आपके पक्ष (याचिकाकर्ता) द्वारा छोड़े जाते हैं, कभी-कभी उनके पक्ष (संघ) द्वारा छोड़े जाते हैं। फिर हमें बड़ी बेंच को रेफर करना पड़ता है। पहले हाईकोर्ट इस पर निर्णय ले। सुप्रीम कोर्ट ने 6 सितंबर 2019 को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम में 2019 के संशोधन की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र को नोटिस जारी किया था। पीठ ने कहा था देश के दूसरे हाईकोर्ट भी यूएपीए संशोधनों के खिलाफ नई याचिकाओं की जांच कर सकते हैं। अदालत ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स के सजल जैन और अमिताभ पांडे की दायर याचिकाओं पर सुनवाई की।

## मानहानि मामले में सीएम आतिशी को हाईकोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी को मानहानि मामले में नोटिस जारी किया। भाजपा नेता प्रवीण शंकर की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस विकास महाजन ने कहा, 'याचिकाकर्ता की दलील सुनने से लगता है कि मामले को सुनने की जरूरत है।' अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी। प्रवीण शंकर ने अपनी याचिका में आतिशी को ट्रायल कोर्ट से जारी समन को रद्द करने के आदेश को चुनौती दी है। इससे पहले 28 जनवरी को मानहानि केस को राउज एवेन्यू कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

कोर्ट ने समन को रद्द करते हुए कहा था कि,क्र नेता की टिप्पणी विपक्षी पार्टी के खिलाफ की गई थी, न कि संगठन के व्यक्तिगत सदस्यों के खिलाफ। लोकसभा चुनाव के दौरान आतिशी ने दावा किया था कि भाजपा ने उनके एक सहयोगी के जरिए उनसे संपर्क किया और उनसे भाजपा में शामिल होने को कहा। ऐसा न करने पर ईडी कार्रवाई की धमकी दी। दिल्ली विधानसभा चुनाव का प्रचार 3 फरवरी की शाम 5 बजे थम गया। अब बुधवार यानी 5 फरवरी को वोटिंग होगी और 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-63 विदेशी अब तक डिटेंशन सेंटर में क्यो

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को डिटेंशन सेंटर्स से जुड़े मामले की सुनवाई की।

इस दौरान 63 विदेशी घोषित लोगों को उनके देश भेजने की जगह, डिटेंशन सेंटर्स में रखने के लिए फटकार लगाई। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां ने असम सरकार से पूछा कि क्या आप इसके लिए किसी मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं। असम सरकार ने कोर्ट में दावा किया कि इन लोगों का निर्वासन संभव नहीं था क्योंकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वे किस देश के रहने वाले हैं।

बेंच ने 14 दिन में इन लोगों को वापस भेजने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा- सरकार को यह बताना होगा कि ऐसे व्यक्ति जिनकी राष्ट्रीयता ज्ञात नहीं है, उन मामलों को किस तरह से निपटाया जाना है, क्योंकि वे न तो भारतीय नागरिक हैं और न ही उनकी असली नागरिकता पता है। हम सरकार को हलफनामा दाखिल करने के लिए एक महीने का समय देते हैं।

## दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर वोटिंग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 5 फरवरी को सिंगल फेज में वोटिंग होगी। लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा रहीं 5 पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इनमें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सभी 70 सीटों पर आमने-सामने हैं। वहीं, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने 6, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया- मार्क्सिस्ट और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया- मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट ने 2-2 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

भाजपा ने 68 सीटों पर कैंडिडेट उतारे हैं। दो सीटें सहयोगी पार्टियों को दी हैं। इसमें जनता दल- यूनाइटेड ने बुराड़ी और लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास ने देवली सीट से प्रत्याशी उतारे हैं। महाराष्ट्र में भाजपा की सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 30 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सभी सीटों पर भाजपा को समर्थन दिया है। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी 70 और असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन 12 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। 19 प्रतिशत उम्मीदवार दागी, 81 पर हत्या-बलात्कार जैसे गंभीर मामले दर्ज चुनाव आयोग के मुताबिक निर्दलीय समेत विभिन्न पार्टियों के कुल 699 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

## योगी और भूटान नरेश ने संगम में डुबकी लगाई

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** सीएम योगी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने संगम में डुबकी लगाई है। गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद अक्षयवट धाम और लेटे हनुमान में दर्शन-पूजन किया।

योगी और भूटान नरेश के साथ लखनऊ से विमान से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से महाकुंभ आए। अरैल घाट से बोट में सवार होकर संगम गए और स्नान किया। इस दौरान भूटान नरेश ने योगी के साथ पक्षियों को दाना खिलाया और फोटो भी खिंचवाई। योगी के दौरे को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर और अक्षयवट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया है। शाम 4 बजे के बाद खोला जाएगा। 5 फरवरी को पीएम मोदी महाकुंभ आ रहे हैं, ऐसे में योगी हेलीपैड से लेकर अरैल घाट और संगम नोज तक की व्यवस्था को भी देखेंगे। महाकुंभ का आज 23वां दिन है। सरकार के मुताबिक, अब तक 37.54 करोड़ लोग डुबकी लगा चुके हैं। 4 बजे तक 66.70 लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।

## यूपी में 2 मालगाड़ियां टकराई, दोनों लोको पायलट गंभीर

**फतेहपुर ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में दो मालगाड़ियों में भिड़ंत हो गई। एक मालगाड़ी ट्रैक पर खड़ी थी, तभी पीछे से आई दूसरी मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि आगे खड़ी मालगाड़ी का इंजन और गार्ड का डिब्बा ट्रैक से नीचे जा गिरे। हादसे में दोनों ट्रेनों के लोको पायलट गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मंगलवार सुबह छ्ह्ह्ह्ह् यानी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर हुई। इस पर



सिर्फ मालगाड़ियां ही चलती हैं। ऐसे में यात्री ट्रेनों पर घटना का असर नहीं हुआ। रेलवे के सीनियर अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। दोनों ट्रेनों के लोको पायलटों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहत और बचाव के लिए टीम पहुंच गई। ट्रैक को क्लियर किया जा रहा है। हादसा कानपुर-फतेहपुर के बीच खागा में पांभीपुर के पास अप लाइन पर हुआ।

रेड सिग्नल पर खड़ी थी गाड़ी डीएफसी के अफसरों ने बताया कि ट्रैक पर रेड सिग्नल था। एक मालगाड़ी खड़ी थी। तभी अचानक पीछे से दूसरी मालगाड़ी तेज रफ्तार में आई और टक्कर मार दी। दोनों मालगाड़ी पर कोयला भरा हुआ था। हादसे के चलते फ्रेट कॉरिडोर की एक लाइन पर रेल यातायात प्रभावित है। कई मालगाड़ियों को रोक दिया गया है।

## राजस्थान-उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों के 20 जिलों में बारिश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से देश के उत्तरी राज्यों में एक बार फिर मौसम बदला है। राजस्थान-उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों के 14 जिलों में सुबह से बारिश हो रही है।

वहीं, पूर्वोत्तर के राज्य बंगाल, ओडिशा, असम, सिक्किम में कोहरा छाया है। उत्तर भारत में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड में बारिश के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। राज्य सरकार ने टूरिस्ट को इन इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है। मैदानी राज्य मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में तापमान बढ़ने लगा है।

यहां अधिकतम तापमान फरवरी की शुरुआत में ही 34º तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग का कहना है कि 8 फरवरी से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिससे उत्तरी भारत और मैदानी इलाकों में मौसम एक बार फिर बदलेगा। पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने राजस्थान के कुछ जिलों में बूंदाबांदी हुई।

## पाकिस्तान से 400 हिंदुओं की अस्थियां भारत पहुंची

**अमृतसर ( एजेंसी )।** पाकिस्तान में कराची के पुराने गोलिमार क्षेत्र के हिंदू श्मशान घाट में वर्षों से अस्थि कलशों में रखीं 400 हिंदू मृतकों की अस्थियां सोमवार (3 फरवरी) को अमृतसर के वाघा-अटारी बॉर्डर के रास्ते भारत पहुंचीं। ये अस्थियां करीब 8 साल से श्मशान में रखी थीं। परिजन को इन्हें गंगा में प्रवाहित करने का इंतजार था। महाकुंभ योग में भारत का वीजा मिलने के बाद रविवार (2 फरवरी) को कराची के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष प्रार्थना सभा हुई। इसके बाद परिजन ने अस्थियों को अंतिम विदाई दी, ताकि मोक्ष के लिए इन्हें गंगा में विसर्जित किया जा सके। इससे पहले, बुधवार (29 जनवरी) को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुराने कराची के गोलिमार श्मशान घाट पहुंचे थे, जहां अस्थि कलशों के लिए विशेष प्रार्थना की गई। जिन परिवारों को अपने प्रियजनों की अस्थियां हरिद्वार में विसर्जित करनी थीं, वे श्मशान घाट पहुंचे, क्योंकि भारत में अस्थि विसर्जन के लिए श्मशान घाट की पर्ची और मृतक का मृत्यु प्रमाणपत्र अनिवार्य था।

कराची के निवासी सुरेश कुमार अपनी मां सील बाई की अस्थियों को हरिद्वार ले जाने का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बीते सप्ताह तब राहत की सांस ली, जब उन्हें पता चला कि भारत सरकार ने 400 हिंदू मृतकों की अस्थियों के लिए वीजा जारी कर दिया है। उनकी मां की मृत्यु 17 मार्च 2021 को हुई थी और परिवार ने उसी समय भारत के वीजा के लिए आवेदन किया था लेकिन मंजूरी मिलने में काफी देरी हुई। सुरेश ने बताया कि उन्होंने महाकुंभ का इंतजार करने का फैसला किया था, जो हर 144 साल में एक बार आता है। यह 12 कुंभ मेलों के पूरे होने का प्रतीक है और इस बार यह 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच हो रहा है, जिससे हमारे धार्मिक और अंतिम संस्कार से जुड़े अनुष्ठान पूरे करने के लिए हमें 45 दिनों की अवधि मिल रही है।

## हरियाणा के 50 गांवों के किसान जल लेकर खनौरी पहुंचे, इसी जल को ग्रहण करेंगे डल्लेवाल, 11 से शुरू होगी किसान महापंचायतें

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** पंजाब और हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर आज (चार फरवरी को) हरियाणा के पचास गांवों के किसान अपने खेतों का जल लेकर खनौरी बॉर्डर पर पहुंचे। वहीं, 71 दिन से आमरण अनशन पर चल चल रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल यही जल ग्रहण करेंगे। क्योंकि वह पानी के अलावा कुछ नहीं खा-पी रहे हैं। वहीं, आने वाले दिनों में अन्य इलाकों से पानी लेकर किसान खनौरी बार्डर पर पहुंचेंगे।

दूसरी तरफ, किसान 11 से 13 फरवरी तक होने वाली किसान महापंचायतों में भी शामिल होने का न्योता दिया गया है। सभी बड़े किसान नेता गांव-गांव जाकर बैठकें कर रहे हैं, ताकि 14 तारीख को केंद्र सरकार के साथ होने वाली बैठक से पहले अपनी ताकत दिखा सकें।

आज हरियाणा से नारनौंद, राजपुरा, माजरी, डिडवाडी, सोहटी, फग्गू, धर्मपुरा, खैराती खेड़ा, दादू, तिलोकेवाला, बीसला, करनोली, खुंबर, जंडवाला, आयलकी, छिनौली, मटिण्डू, गोपालपुर, नौल्था, माजरा, खुराना, राजखेड़ा, जुल्हेड़ा, ढाणी छतरिया, ढाणी ठोबा, तमसपुरा, भरपूर, लक्कड़वाली, चमराडा, माढ़ा, मस्तगढ़, खरल, लोधर, फतेहपुरी, फुलां, अकांवली, सुंदरनगर हमजापुर सहित 50 से अधिक गांवों के खेतों के जल लेकर किसान मोर्चे पर पहुंचे थे। इन किसानों में काफी उत्साह था। उनका कहना था कि वह संघर्ष में पूरा सहयोग करेंगे।

फसलों के एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर फरवरी से किसानों का आंदोलन चल रहा है। यह संघर्ष संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले चल रहा है। वहीं, सोमवार को दोनों मोर्चों की बैठक हुई। इसमें महापंचायतों के प्रबंधों को लेकर रणनीति तैयार की गई।

जबकि 14 फरवरी को केंद्र सरकार के साथ होने वाली बैठक में किसान किस रणनीति के साथ जाएंगे, यह बाद में बनाई जाएगी। 11 फरवरी को रतनपुरा मोर्चा पर महापंचायत होगी, जबकि 12 फरवरी को खनौरी बॉर्डर और 13 फरवरी को शंभू मोर्चा पर किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्व की बात, भारत में बनी जिनी 5 डोर जापान में हुई लांच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मारुति सुजुकी जिम्नी 5 डोर इंडिया की दूसरी कार बन गई है, जो कि जापान में लांच हुई है। इसके पहले मारुति सुजुकी फ्रोंक्स को भी जापान में लांच किया गया था। खास बात ये है कि ये दोनों कारें मेड इन इंडिया है। यानी इनकी मैन्युफैक्करिंग भारत में की गई है और बाद में इन्हें एक्पोर्ट करके जापान के बाजार में भेजा गया है। इसके पहले अभी तक जापान में इस सब-कॉम्पैक्ट ऑफ रोडर की 3 डोर वर्जन की ही ब्रिकी होती थी। अब जापान में भी अब 5 डोर मॉडल लांच होने के बाद वहां के बाजार में भी 5 डोर मॉडल सेल होगा। मेड इन इंडिया कारों का जापान जैसे बड़े और विकसित बाजार में लांच होना भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए अच्छी खबर है। लांच से पहले ही जापान में जिम्नी 5 डोर की इमेज भी ऑनलाइन लीक हो गई थी जिससे कार के लिए बज क्रिएट हो गया था। जापान में 5 डोर जिम्नी का तस्वीर सामने आने के बाद से ही बाजार में इस कार के लिए काफी एक्साइटमेंट था। जापान में इस मॉडल को सिजलिंग रेज एंड ब्लैक ड्यूल टोन पेंट स्कीम के साथ देखा गया था।

### जनवरी में टोयोटा मोटर की वाहन बिक्री 19 फीसदी बढ़कर 29,371 इकाई हुई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शनिवार को कहा कि जनवरी में उसकी बिक्री साल-दर-साल 19 प्रतिशत बढ़कर 29,371 इकाई हो गई। पिछले वर्ष इसी माह में कंपनी ने 24,609 इकाइयां भेजी थीं। कंपनी ने पिछले महीने घरेलू बाजार में 26,178 इकाइयां बेचीं और 3,193 इकाइयां निर्यात कीं। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने एक बयान में कहा कि यह निरंतर गति ग्राहक केन्द्रितता, देश भर में ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने और नवोन्मेषी मूल्यवर्धित समाधानों पर बढ़ते जोर पर कंपनी के तीव्र फोकस को रेखांकित करती है। टीकेएम के एक अ?धिकारी ने कहा ?कि वर्ष 2025 में हमारा प्रयास भारत में कंपनी की स्थिति को और मजबूत करना है। हम मूल्यवर्धित सेवाओं और बिक्री के बाद निर्बाध समर्थन के माध्यम से ग्राहक-केंद्रितता को अनुकूलित करना जारी रखेंगे, जिसका उद्देश्य सुखद अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ऑटो निर्माता की उत्पाद रणनीति बहुविध मार्ग दृष्टिकोण के गहन दर्शन से प्रेरित होगी, जो हर किसी को उसकी गतिशीलता आवश्यकताओं के आधार पर कुछ न कुछ प्रदान करने का प्रयास करेगी।

### भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग में एक नई धमाकेदार एंट्री: किआ सोरोस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली, भारत- यात्री वाहन बनाने वाली विश्वस्त कंपनी किआ इंडिया ने अपने नए एसयूवी की स्वर्णिम शुरूआत की घोषणा की है। किआ सोरोस का एक्स शोरूम मूल्य घोषित करते हुए, कंपनी ने बाजार में एक मजबूत पहचान बनाने की उम्मीद जताई है। किआ इंडिया के अधिकारी ने बताया कि भारत में एसयूवी की मांग में वृद्धि हो रही है और किआ सोरोस इस आगे बढ़ने वाली मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। इस एसयूवी में प्रीमियम सुविधाएं, उन्नत तकनीक और आकर्षक डिज़ाइन शामिल हैं।

# आईएमएल में अपने-अपने देशों को प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगें युवराज, जेपी डुमिनी और उपुल तरंगा



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के शानदार बल्लेबाजों में से एक युवराज सिंह, अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले सीजन में इंडिया मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं, जो 22 फरवरी से 16 मार्च तक होगा। युवराज 2007 में पहले आईसीसी टी20 विश्व कप में भारत की जीत के मुख्य वास्तुकारों में से एक थे, इसके दौरान उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2011 में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां उन्हें उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया था। इस पर युवराज सिंह ने कहा, सचिन और मेरे अन्य साथियों के साथ मैदान पर उतरना गौरवशाली दिनों को फिर से जीने जैसा अनुभव होगा है। उन सभी के साथ खेलना बहुत सारी पुरानी यादें वापस लाता है। मेरे लिए, आईएमएल उस युग को श्रद्धांजलि है, जो कि भारतीय क्रिकेट को परिभाषित किया, और मैं उन सभी प्रशंसकों के लिए कुछ और अविस्मरणीय यादें बनाने का इंतजार नहीं कर सकता, जिन्होंने वर्षों से हमारा समर्थन किया है। आईएमएल के क्रिकेट मास्टर्स परिवार में उनके साथ द.अफ्रीका के जेपी डुमिनी और श्रीलंका के उपुल तरंगा भी शामिल हैं, जो अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले है। डुमिनी अपने बेहतरीन स्ट्रोक-प्ले, दबाव में संयम और आसान ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए मशहूर थे।

9,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन और दक्षिण अफ्रीका के टी20 कप्तान के रूप में नेतृत्व के अनुभव के साथ, डुमिनी अक्सर महत्वपूर्ण क्षणों में स्थिरता देने की शक्ति थे। डुमिनी ने कहा, इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के पहले सीजन में साउथ अफ्रीका मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करना एक बहुत बड़ा सम्मान है। मैं इसतरह के टूर्नामेंट में खेलने के लिए उत्सुक हूं, जिसमें खेल के महान खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। स्टाइलिश और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज उपुल तरंगा ने श्रीलंका के लिए 9,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। उन्होंने टीम के लिए ठोस नींव रखने के लिए नई गेंद को शानदार तरीके से संभाला, अक्सर एंकर की भूमिका निभाई और आवश्यकता पड़ने पर तेजी से रन बटोरे। थरंगा ने कहा, मैं इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन सत्र में श्रीलंका मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं। आईएमएल एक शानदार टूर्नामेंट होगा, जिसमें पुराने दोस्त और प्रतिद्वंद्वी मैदान में उतरने और यादगार क्रिकेट होगा। आईएमएल 22 फरवरी, 2025 को नवी मुंबई, राजकोट और रायपुर में शुरू होने वाला है।

### बीसीसीआई ने सचिन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से समानित किया


भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक समारोह में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया है। बीसीसीआई ने सचिन को पुरस्कार देने की घोषणा अपने सोशल मीडिया अकाऊंट पर की है। बीसीसीआई की इस पोस्ट में सचिन की तस्वीर साझा करते हुए लिखा गया है कि उन्होंने क्रिकेट प्रशंसकों को जश्न मनाने का कई बार अवसर दिया। तेंदुलकर को प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए बहुत-बहुत बधाई हो। वहीं ये पुरस्कार हासिल करने के बाद सचिन ने कहा कि मैं बीसीसीआई ने हमेशा ही मेरी सहायता की है। इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाने के लिए मैं बीसीसीआई का आभारी हूं। सचिन ने 200 मैच खेलते हुए टेस्ट में 15,921 रन बनाये हैं। उकना औसत- 53.78, शतक- 51, अर्धशतक- 68 और सबसे अधिक , स्कोर- 248 रन रहा है।

# बुकिंग्स शुरू, 25 हजार का टोकन अमाउंट देकर बुक करें ई-विटारा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने बीते दिनों ऑटो एक्सपो में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार पेश की थी। तभी कंपनी ने मारुति सुजुकी ई-विटारा से पर्दा उठाया था। इसके बाद से ही ग्राहकों को इसके लांच का इंतजार है। लेकिन इस कार की अधिकारिक बुकिंग्स शुरू हो चुकी है। 25,000 रुपये का टोकन अमाउंट देकर आप अपनी कार यूनिट बुक कर सकते हैं। इसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि अब इसका लांच करीब है। हालांकि कंपनी ने अभी तक इस कार की कीमत की घोषणा नहीं की है। ई विटारा के लांच के बाद हमें सेम प्लेटफॉर्म पर टोयोटा की इलेक्ट्रिक कार की लॉन्चिंग भी देखने को मिलेगी जिसका नाम अर्बन क्रूजर ईवी होगा। ग्रैंड विटारा के समान, ई विटारा के तीन वेरिएंट पेश किए जा सकते हैं डेल्टा, ज़ेटा और अल्फा है। बेस वेरिएंट में 49-किलोवॉट बैटरी पैक मिल सकता है, जबकि टॉप वेरिएंट 61-किलोवाट बैटरी पैक से लैस होगा। बड़े बैटरी पैक के साथ दावा की गई रेंज 500 किमी है। ई विटारा के हाइ एंड बैटरी पैक में 120 लिथियम-आयन आधारित सेल शामिल हैं। इन्हें -30एडिग्री से 60एडिग्री के अत्यधिक तापमान में भी काम करने के लिए टेस्ट किया गया है। ईविटारा के बैटरी पैक एक अडवांस्ड थर्मल मैनेजमेंट सिस्टम से लैस हैं जिसमें लो-आयन कूलेंट शामिल है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ई विटारा रियल वर्ल्ड की स्थितियों के तनाव को संभाल सकती है, कंपनी ने इसे कई अलग अलग तरह की परिस्थितियों में टेस्ट किया है।

# मंधाना ने रोहित से उनकी भूलने वाली बिमारी पर पूछा सवाल, हंसने लगे साथी खिलाड़ी



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अवार्ड समारोह में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना भी शामिल हुई थीं। इस कार्यक्रम के दौरान मंधाना ने रोहित से एक सवाल पूछा। जिसका रोहित ने जो जवाब दिया उससे साथी खिलाड़ी और प्रशंसक भी हंसने लगे। मंधाना ने रोहित पूछा कि ऐसी कौनसी हॉबी है जिसको लेकर टीम के साथी खिलाड़ी आपका आम तौर पर मजाक उड़ाते हैं। इसका जवाब देते हुए रोहित ने कहा कि हॉबी जैसा तो कुछ नहीं है पर भूलने की आदत को लेकर वह हंसी का पात्र बनते रहे हैं। रोहित ने कहा कि सब कहते हैं कि मैं पासपोर्ट या मोबाइल फोन तक भूल जाता हूं पर वास्तव में ऐसा नहीं है। काफी पहले ऐसा एक बार हुआ था पर उसके बाद से नहीं हुआ। रोहित ने जैसे ही ये बात कही तभी टीम के सभी युवा खिलाड़ी हंसने लगे। कार्यक्रम में मंधाना ने रोहित से पूछा कि वो एक सबसे बड़ी चीज क्या है जो वो भूल गए हों। इस सवाल पर रोहित हंसने लगे और उन्होंने कहा कि मैं इसका जवाब नहीं दे सकता। रोहित ने कहा कि ये शो लाइव जा रहा होगा और मेरी बीवी इसे देख रही होगी। ये बात मैं अपने तक ही रखूंगा। रोहित के भारतीय टीमके बचे हुए खिलाड़ी भी जोर से हंसने लग पड़े।

# चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती के शामिल होने की उमीदें बढ़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही 5 मैचों की टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी फिरकी ने इंग्लिश बल्लेबाजों को परेशान कर दिया और वह विकेट लेने वालों की सूची में सबसे ऊपर चल रहे हैं। चक्रवर्ती ने सीरीज के तीसरे मैच में इतिहास रचते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच द्विपक्षीय सीरीज में 10 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड बनाया। अब तक चार मैचों में उनके नाम 12 विकेट दर्ज हो चुके हैं, और उनके द्वारा इस प्रदर्शन ने उनकी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में जगह बनाने की उम्मीदों को और मजबूत किया है। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की टीम में चार स्पिनरों को चुना गया है, जिनमें रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और रवि बिश्नोई शामिल हैं। हालांकि, यह टीम अस्थायी है और आईसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, टीमों



को 11 फरवरी तक अपनी अंतिम टीम की घोषणा करनी होगी। अगर इस समय के दौरान कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है या किसी अन्य कारण से टीम में बदलाव किया जाता है, तो वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया जा सकता है। पिछले साल 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के दौरान अक्षर पटेल को अस्थायी टीम में जगह मिली थी, लेकिन टूर्नामेंट से पहले वह चोटिल हो गए थे और उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन को अंतिम टीम में शामिल किया गया था। वरुण चक्रवर्ती का इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में प्रदर्शन यह साबित करता है कि वह किसी भी मौके पर खुद को साबित करने के लिए तैयार हैं। उनके द्वारा लगातार विकेट लेने की क्षमता और दबाव में ठंडा दिमाग रखने की काबिलियत को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में किसी तरह का बदलाव होता है, तो वरुण को एक मौका जरूर मिलेगा। अब यह देखना होगा कि उनका यह शानदार प्रदर्शन उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में स्थान दिलाने में सफल होता है या नहीं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत की टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा।

# गुजारे के लिए टैक्सी चला रहे पूर्व तेज गेंदबाज एवेन चैटफील्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्या आपने कभी सोचा है कि कोई इंटरनेशनल क्रिकेटर अपनी जीविका चलाने के लिए टैक्सी चला सकता है? लेकिन न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज एवेन चैटफील्ड के साथ यही सच्चाई है। 70 वर्षीय एवेन चैटफील्ड आज अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए टैक्सी चला रहे हैं। वह न्यूजीलैंड के लिए 1979, 1983 और 1987 के वर्ल्ड कप में खेले थे और अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 114 वनडे में 140 विकेट और 43 टेस्ट मैचों में 123 विकेट हासिल किए थे। उनके शानदार इकॉनोमी रेट (3.57) के कारण उन्हें खेल के सबसे किफायती गेंदबाजों में से एक माना जाता था। लेकिन क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्हें किसी बड़ी नौकरी का सहारा नहीं मिला और अब वह टैक्सी चला रहे हैं। चैटफील्ड से जब पूछा गया कि उन्होंने टैक्सी चलाने



को ही अपना पेशा क्यों चुना, तो उन्होंने कहा, इस उम्र में नौकरी मिलना मुश्किल है, लेकिन टैक्सी चलाने का फायदा यह है कि मैं जब चाहूं, तब काम कर सकता हूं और जब मर्जी हो, क्रिकेट देख सकता हूं। यह मेरे लिए एक सुविधाजनक विकल्प है। एवेन चैटफील्ड का करियर कई उतार-चढ़ाव से भरा रहा। 1975 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले ही टेस्ट मैच में वह एक खतरनाक बाउंसर से बुरी तरह घायल हो गए थे। यह चोट इतनी गंभीर थी कि उनकी जान जाने तक की नौबत आ गई थी। लेकिन उन्होंने इस झटके से वापसी की और न्यूजीलैंड क्रिकेट का अहम हिस्सा बने। हालांकि, 1987 वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कह दिया। भारतीय क्रिकेट प्रेमी उन्हें खासतौर पर इस वजह से याद रखते हैं कि 1987 वर्ल्ड कप के दौरान सुनील गावस्कर ने उनके एक ओवर में 21 रन ठोक दिए थे। चैटफील्ड अपने अजीबोगरीब बॉलिंग एक्शन के लिए भी मशहूर थे, लेकिन अब वह क्रिकेट की दुनिया से काफी दूर हो चुके हैं। यह कहानी क्रिकेट की चमक-धमक के पीछे की सच्चाई को उजागर करती है।

आज जहां क्रिकेटर करोड़ों में खेल रहे हैं, वहीं एवेन चैटफील्ड जैसे खिलाड़ी जीवन यापन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनका यह सफर बताता है कि क्रिकेट सिर्फ दौलत और शोहरत की गारंटी नहीं देता, बल्कि संन्यास के बाद की जिंदगी भी एक चुनौती बन सकती है। बता दें कि क्रिकेट दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है, और इसके खिलाड़ियों की जिंदगी बेहद शानदार मानी जाती है। आज के दौर में क्रिकेटर सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि विज्ञापनों और अन्य व्यवसायों से भी करोड़ों की कमाई कर रहे हैं।

# चयनकर्ता हमेशा ही बेहतरीन खिलाड़ी को बनाना चाहिए : अमरनाथ

**जयपुर (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मोहिंदर अमरनाथ ने कहा है कि जब आप काफी सीनियर होते हैं तो खेल में रनों की भूख पहले की तरह नहीं रह जाती। ऐसें चयनकर्ताओं की भूमिका और अहम हो जाती है। इससे भी फर्क पड़ता है कि चयनकर्ताओं में कितना अनुभव है और उनमें क्या योग्यता है। माना जा रहा है कि अमरनाथ ने ये बात रोहित शर्मा और विराट कोहली को खराब प्रदर्शन के बाद भी टीम में बरकरार रखे जाने पर कही हैं। अमरनाथ ने कहा 'चयनकर्ता हमेशा ही बेहतरीन खिलाड़ी को बनाना चाहिए। वहीं अगर ऐसा नहीं होगा तो वे मजबूत फैसले नहीं ले पाएंगे। रोहित और विराट के बारे में फैसला कोई मजबूत चयनकर्ता ही ले सकता है।' एक कार्यक्रम में अमरनाथ ने ये बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा, 'एक समय पर अमरनाथ नाम के साथ ही बीसीसीआई को परेशानी हो जाती थी। मेरे पिता से भी थी और फिर इसी नाम की वजह से हमसे हुई। अगर हमारा सरनेम दूसरा होता, तो हमें टीम से हटाया नहीं किया जाता।' उन्होंने कहा कि बिशन सिंह बेदी सबसे बेहतरीन कप्तान थे। वे अपने खिलाड़ियों के लिए लड़ते थे। ऐसे ही इमरान खान बेहतरीन कप्तान थे। अमरनाथ ने साथ ही कहा, 'सचिन, विराट और सुनील गावस्कर में से किसी को चुनना होगा तो मैं सनी को चुनूंगा।' मोहिंदर अमरनाथ ने कहा, 'मैं जहां पढ़ा, वहां अंग्रेजी बोलना तो अपराध ही था। मैं हिंदी में लिखता था और बाद में उसे ट्रांसलेट करता था। उन्होंने कहा कि मेरे पिता जानते थे कि हम क्रिकेटर बन गए, तो हम क्या बन जाएंगे। वे हमेशा ऐसे ही व्यवहार करते थे। चोट लगती थी, तो यह नहीं कि आराम करो. वे कहते थे कि बर्फ लगाओ और खेलने जाओ।' अमरनाथ ने कहा कि वे हमेशा संदेह में रहते थे कि अगला मैच खेलेंगे या नहीं पर चुनौती हमेशा आपको तैयार करती है। वैसे भी दो मैच में गलत खेला और आप बाहर हालांकि कई खिलाड़ियों को ज्यादा मौके मिलते हैं। अमरनाथ ने कहा, 'लेकिन इसने मुझे तैयार होने के और अपनी कमजोरियों पर काम करने के अवसर दिये।



# बीसीसीआई ने बुमराह को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर का अवार्ड दिया



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसी) ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर के अवार्ड से सम्मानित किया है। बुमराह को 2023-24 के लिए वर्ष का सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) घोषित किया गया है। बुमराह को इससे पहले आईसीसी के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का अवार्ड भी मिला था। उन्होंने टी20 विश्वकप में भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके 15 विकेट और निर्णायक मैच जिताने वाले स्पैल ने भारत को 17 साल बाद टी20 विश्व कप जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रहे। टेस्ट में उन्होंने साल 2024 के 13 मैचों में सबसे अधिक 71 विकेट लिए थे। वहीं महान ऑलराउंडर कपिल देव ने एक कैलेंडर वर्ष में लाल गेंद क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लिए हैं। बुमराह को पाली उमरीगर पुरस्कार मिला है। उन्हें इससे पहले 2018-19 और 2021-22 सीज़न में भी ये सम्मान मिला था। बुमरहा ने ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे अधिक 32 विकेट लिए थे। अपने शानदार प्रदर्शन से उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी मिला था। आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर कायम बुमराह आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे।

# मोहम्मद शमी ने रिद्धिमान साहा को संन्यास पर दी बधाई

## कहा- आपकी विरासत प्रेरणा का स्रोत बनेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को उनके शानदार क्रिकेट करियर में अमिट छाप छोड़ने के लिए बधाई दी है। साहा ने हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह सचमुच एक शानदार पल है जब मोहम्मद शमी जैसे बड़े क्रिकेट खिलाड़ी ने रिद्धिमान साहा को उनके करियर के अंत पर बधाई दी। साहा ने भारतीय क्रिकेट को काफी योगदान दिया है, खासकर उनकी विकेट कीपिंग में शानदार क्षमता और बल्लेबाजी के मामले में भी। उनका संन्यास एक युग के खत्म होने जैसा है। साहा ने न केवल राष्ट्रीय टीम बल्कि रणजी ट्रॉफी में भी अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनका रिकॉर्ड, खासकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में, काफी प्रभावशाली रहा है। उन्होंने जिस तरह से अपने करियर को संजोया और क्रिकेट के सभी प्रारूपों में योगदान दिया, वह आने



वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। साहा का आईपीएल में भी शानदार करियर रहा है, जिसमें उन्होंने कई टीमों के साथ खेला और उन्हें कई यादगार क्षणों का हिस्सा बनने का अवसर मिला। अब जब उन्होंने संन्यास लेने का निर्णय लिया है, तो क्रिकेट जगत उन्हें हमेशा याद रखेगा। शमी ने इस अवसर पर कहा, आज हम भारतीय क्रिकेट के एक सच्चे दिग्गज रिद्धिमान साहा को विदाई देते हैं। उनकी शानदार विकेटकीपिंग और मैदान के अंदर और बाहर अनगिनत यादगार पलों ने एक अमिट छाप छोड़ी है। रणजी ट्रॉफी से लेकर राष्ट्रीय टीम तक, उनके समर्पण और जुनून ने हम सभी को प्रेरित किया है। रिद्धिमान, आपके अगले अध्याय के लिए आपको शुभकामनाएं। आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी! साहा का करियर काफी शानदार रहा है। उन्होंने 141 प्रथम श्रेणी मैचों में 48.68 की औसत से 7,169 रन बनाए, जिसमें 14 शतक और 44 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 40 टेस्ट मैचों में 1,353 रन बनाए हैं। साहा ने 2014 के आईपीएल फाइनल में शतक भी बनाया और गुजरात टाइटन्स के साथ 2022 में खिताब भी जीता। साहा ने आईपीएल 2025 की नीलामी से खुद को बाहर रखा है, हालांकि वह पिछले कई सालों से आईपीएल का हिस्सा रहे थे। उन्होंने 2008 से लेकर अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के लिए खेला है। साहा के संन्यास की घोषणा से पहले उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा था, यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। रिटायरमेंट से पहले मैं बंगाल के लिए आखिरी बार खेलने का गौरव महसूस कर रहा हूं।

# जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने 59 आवेदनों में की सुनवाई



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने आमजनता के 59 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का 7 दिवस में निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आवेदनों के निराकरण की वरिष्ठ कार्यालय द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही से आवेदक को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। जनसुनवाई में पेंशन प्रकरण, सीमांकन, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, नक्शा तरमीम, उपचार सहायता, मजदूरी भुगतान, नाली निर्माण, खाद्यान्न पर्ची सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में रामप्रसाद वर्मा निवासी ग्राम पलिया 350 ने जमीन के रिकार्ड में आदेश की इत्तलाबी के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार मनगवां को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। वंशपति गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 38 रीवा ने मकान से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। इन्द्रभान द्विवेदी निवासी ग्राम बधरा ने सीमांकन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम सिरमौर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। मनोज ताम्रकार निवासी वार्ड क्रमांक 16 रीवा तथा सत्यव्रत पाण्डेय निवासी पुष्पराज नगर ने शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाकर नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को आवेदन पत्र कार्यवाही के लिए प्रेषित किया। मालती देवी निवासी ग्राम गढ़ी ने नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। नरेन्द्र तिवारी निवासी पोणी ने धान उपार्जन की राशि के भुगतान के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को किसान को राशि भुगतान के निर्देश दिए।

# हार्डवेयर की दुकान में भीषण आग लगने से हड़कंप



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** हार्डवेयर की दुकान में भीषण आग लगने से हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। घटना शहर के समान थाना क्षेत्र में गड़रिया मोड़ स्थित शिवशक्ति एंटरप्राइजेस नाम की दुकान में हुई। जहां भवन के दूसरे माले में भीषण आग लगी है। बताया जा रहा है कि दुकान के भीतर भारी मात्रा में पेंट होने की वजह से आग विकराल हो गई। मौके पर पुलिस व दमकल कर्मी पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि ये दुकान तीन माले की बिल्डिंग में संचालित है। जहां दूसरे माले में आग लगी है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो दुकान के ऊपरी हिस्से में इलेक्ट्रिक बिल्डिंग का काम चल रहा था, जिससे निकली चिंगारी से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

# कृषि क्षेत्र में व्यवसाय की जानकारी से कराया अवगत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के छात्र छात्राओं को कृषि व्यवसाय के संबंध में जानकारी दी गई। कृषि महाविद्यालय के उद्यान विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ वीके सिंह ने छात्र-छात्राओं संरक्षित बागवानी के महत्व एवं तकनीकी विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में बारे में रूचिकर जानकारी दी और कहा कि कृषि में व्यवसाय और आजीविका वृहद संभावनाएं हैं। इसके बाद प्रोफेसर डॉ सिंह द्वारा प्रक्षेत्र का निरीक्षण कर विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई फसलों का अवलोकन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ अतुल कुमार तिवारी, डॉ श्रुति सिंह, प्रदीप कुमार राव, विवेक कुमार शर्मा, अतेंद्र कुमार गौतम एवं रजनीश शुक्ल सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# प्रीमियम की राशि 15 दिन में जमा न होने पर पट्टे निरस्त करने की कार्यवाही करें

## प्रकरणों के निराकरण में दो साल से अधिक के प्रकरणों को प्राथमिकता दें : कलेक्टर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, स्वामित्व योजना तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि धारणाधिकार योजना से जारी पट्टों में 15 दिन की समय सीमा में प्रीमियम की राशि जमा कराएं। समय सीमा में राशि जमा न करने पर पट्टे निरस्त करने तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही करें। राजस्व न्यायालयों में दो वर्ष से अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके इनका एक माह में निराकरण सुनिश्चित करें। लोक सेवा गारंटी के तहत यदि कोई प्रकरण समय सीमा से बाहर है तो संबंधित राजस्व अधिकारी पर जुर्माने की कार्यवाही करें। बोर्ड परीक्षाएं तथा अन्य परीक्षाएं इसी माह होंगी। इसे ध्यान में रखते हुए सभी एसडीएम और तहसीलदार कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का कठोरता से पालन सुनिश्चित कराएं। इसका उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में जनवरी माह के प्रकरणों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का 15 दिन में अनिवार्य रूप से निराकरण करें। सभी एसडीएम सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व महाभियान में सभी राजस्व अधिकारियों ने लगातार मेहनत करके प्रकरणों का निराकरण किया। सभी पीठासीन अधिकारी प्रकरणों की नियमित सुनवाई करें। राजस्व प्रकरणों में दस्तावेजों की अनावश्यक मांग न करें। प्रकरणों के निराकरण की समय सीमा को ध्यान में रखकर पेशी की तारीखें दें। अपर कलेक्टर राजस्व न्यायलयों का रोस्टर के अनुसार निरीक्षण करके प्रतिवेदन दें। सभी एसडीएम भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही कर इनका निराकरण कराएं। स्वामित्व योजना में जिले में अच्छा कार्य किया गया है। शेष लंबित प्रकरणों का निराकरण करके पात्र व्यक्तियों को भू अधिकार पत्र जारी करें। सभी एसडीएम तथा तहसीलदार वक्फ संपत्तियों का मौके पर जाकर सत्यापन करके रिपोर्ट तैयार कर लें। इसमें रीवा जिले को पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है जिसका तहसीलदारों को प्रशिक्षण 5 फरवरी को दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद पोर्टल पर वक्फसंपत्तियों के संबंध में जानकारी दर्ज कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों में जवाबदावा समय पर दर्ज कराएं। राजस्व प्रकरणों के संबंध में वरिष्ठ न्यायालयों द्वारा दिए गए निर्देशों का समय सीमा में पालन कराकर प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करें। अवमानना के सभी प्रकरणों में समुचित कार्यवाही करें। सभी एसडीएम और तहसीलदार क्षेत्र में भ्रमण के दौरान उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली करने, फार्मर रजिस्ट्री तथा किसान सम्मान निधि के लिए ई केवाईसी के सभी प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के शेष बचे व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर तीन दिवस में सभी छूटे हुए व्यक्तियों के कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। इसके लिए ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का पूरा सहयोग लें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने ऑडिट कंडिकाओं के निराकरण तथा विधानसभा प्रश्नों की जानकारी दी। बैठक में सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, सहायक कलेक्टर आर प्रपंज, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे, जिला प्रबंधक लोक सेवा रविकांत पाण्डेय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अधीक्षक भू अभिलेख एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 67 आवेदकों की हुई सुनवाई

## कलेक्टर ने सहजता से सुनी लोगों की समस्यायें



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के नवागत कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये व्यक्तियों की समस्याओं को बडी सहजता के साथ सुना और अधिकारियों को नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित लोगों को कुर्सी पर बिठाकर एक-एक कर जनसुनवाई की। इस अवसर पर निःशक्त और वृद्धजनों के सुगम आवागमन के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था भी की गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण एलआर जांगडे ने भी लोगों की समस्यायें सुनी और मैदानी अधिकारियों को दूरभाष से चर्चा कर लोगों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये।

सतना गढिया टोला की वृद्धजन राजूबाई केवट से कलेक्टर ने पूंछा पेंशन और राशन तो मिल रहा है न अम्मा............? जबाव में राजूबाई ने बताया कि वृद्धा वस्था पेंशन, 5 किलो राशन उन्हें हर माह मिल रहा है। राजूबाई ने कलेक्टर से अंत्योदय योजना का कार्ड बनाकर 35 किलो राशन दिलाये जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने बताया कि अंत्योदय योजना के कार्ड अभी नहीं बन रहे हैं। उन्होंने वृद्धा का आयुष्मान कार्ड बनाने अधिकारियों को निर्देशित किया।

# सतना जिला पंचायत में महिला सदस्यों का हंगामा

## विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप, धरने पर बैठीं महिलाएं, पुलिस बुलाना पड़ी



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सतना जिला पंचायत की सामान्य सम्मेलन की बैठक में मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। महिला सदस्यों ने अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए फंड न मिलने का मुद्दा उठाया और विरोध स्वरूप सदन से बाहर निकलकर धरने पर बैठ गईं। बैठक की शुरुआत में ही सदस्यों ने अपने क्षेत्र के फंड की जानकारी मांगी। जब अध्यक्ष और सीईओ संजना जैन ने एजेंडे पर चर्चा करने का आग्रह किया तो नाराज महिला सदस्यों ने फंड वितरण में भेदभाव का आरोप लगाते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सीईओ को पुलिस बुलानी पड़ी, जिससे सदस्य और अधिक नाराज हो गए।

महिला सदस्यों का आरोप था कि भोपाल से आने वाले बजट का समान वितरण नहीं हो रहा है। कुछ वार्डों में 25-30 लाख रुपए के काम हो रहे हैं, जबकि कुछ वार्डों को एक रुपया भी नहीं मिला। वार्ड 22 की सदस्य एकता सिंह ने बताया कि ढाई साल में उनके क्षेत्र को कोई बजट नहीं मिला। इस विवाद की जड़ें एक दिन पहले ही दिखाई दी थीं, जब जिला पंचायत सदस्य सावित्री त्रिपाठी के प्रतिनिधि रितेश त्रिपाठी ने एक वीडियो जारी कर इसी तरह के आरोप लगाए थे। करीब एक घंटे के विरोध प्रदर्शन के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष राम खेलावन कोल के हस्तक्षेप से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हुई, लेकिन वार्ड 19 की सदस्य जाह्नवी यादव और एकता सिंह अपने क्षेत्रों के बजट पर चर्चा की मांग पर अड़ी रहीं।


दरअसल, इस पूरे मामले में जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि रितेश त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत में अधिकांश सदस्य भाजपा समर्थित हैं। फंड मुंह देख कर अलॉट किया जा रहा है। लिहाजा कई वार्डों में ढाई साल में कुछ काम ही नहीं हुए। सरपंच डायरेक्ट फंड ले जाते हैं, जिसकी जानकारी जिला पंचायत सदस्यों को नहीं दी जाती है।

# उप मुख्यमंत्री ने माँ नर्मदा जयंती पर किया पूजन, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने माँ नर्मदा जयंती के शुभ अवसर पर तुलसी नगर स्थित माँ नर्मदा मंदिर में विधि-विधान से माँ नर्मदा का पूजन-अर्चन किया। इस पावन अवसर पर उन्होंने माँ नर्मदा से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर नर्मदा सेवा समाज द्वारा मंदिर परिसर में तैयार किए गए ष्मध्यप्रदेश के ब्राह्मण समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शौर्य गाथाष् के भित्ति चित्र का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अनावरण किया। उन्होंने भित्ति चित्र की सराहना करते हुए कहा कि यह चित्र हमारे गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने समाज के उन सेनानियों के योगदान को नमन किया जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के सदस्यों का सम्मान किया। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा मंदिर समिति के पदाधिकारी, नर्मदा सेवा समाज के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भवन्स प्रिज्म स्कूल में बसंत पंचमी का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** भारतीय विद्या भवन प्रिज़्म स्कूल सतना में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के अवतरण दिवस के रूप में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी महोत्सव माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 03 फरवरी 2025 को विद्यालय में वंदना, प्रार्थना एवं यज्ञ आरती के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं के भजनमाला की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई एवं सायंकाल में भजन आरती, प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ।

उपरोक्त जानकारी देते हुये ए.जी.एम. सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वॉइस प्रेंसीडेंट, एच.आर.एम. एण्ड कार्पोरेट अफेयर्स, प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, एवं मनीष कुमार सिंह, प्रेंसीडेंट एवं प्लांट हेड, प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड यज्ञ-पूजन में सम्मिलित हुए। मुख्य यजमान विद्यालय के प्राचार्य डा. आर. गोस्वामी एवं प्रधान पुरोहित संस्कृत आचार्य सत्यम तिवारी रहे। सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने हवन पूजन में भाग लिया।

संस्कृति में ही संस्कार पलते हैं। विद्यालयीन परंपरानुसार कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ''एकता एवं संगठन की समरसता में डूबी राष्ट्रीय व्यंजन खिचड़ी सभी को प्रसाद स्वरूप वितरित की गई। सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय की उत्तरोतर प्रगति हेतु मॉ सरस्वती से कामना की एवं बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएँ प्रदान कीं। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने माँ सरस्वती से छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं सभी को सद्बुद्धि मिले ऐसी प्रार्थना की।

# कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का पालन कराने के लिए अधिकारी तैनात

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में शिक्षण संस्थाओं का वर्तमान सत्र समापन की ओर है। शिक्षण संस्थाओं में वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियाँ की जा रही हैं। बोर्ड परीक्षाएं भी इसी माह आरंभ हो रही हैं। वैवाहिक समारोहों एवं अन्य कार्यक्रमों के कारण ध्वनि विस्तार यंत्रों का लगातार उपयोग हो रहा है। इसे कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक अनुभाग में राजस्व और पुलिस अधिकारी तैनात किए गए हैं। इस संबंध में अपर जिला दण्डाधिकारी श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि तहसील हुजूर में एसडीएम हुजूर, तहसीलदार हुजूर तथा नगर पुलिस अधीक्षक को तैनात किया गया है। तहसील गुढ़ में एसडीएम तथा तहसीलदार के साथ उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय को तैनात किया गया है। मनगवां तथा रायपुर तहसीलों के लिए एसडीएम, तहसीलदार एवं एसडीओपी मनगवां को तैनात किया गया है। सिरमौर एवं सेमरिया तहसीलों के लिए एसडीएम सिरमौर, तहसीलदार सिरमौर तथा एसडीओपी सिरमौर को तैनात किया गया है। जवा तहसील के लिए एसडीएम जवा एवं तहसीलदार तथा एसडीओपी डभौरा को तैनात किया गया है। तहसील त्योंथर में एसडीएम त्योंथर, तहसीलदार त्योंथर एवं एसडीओपी डभौरा को कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# जिले में 12 केन्द्रों में 16 फरवरी को होगी प्रारंभिक परीक्षा

## राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की वर्ष 2025 की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को आयोजित की जा रही है। परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में परीक्षा प्रभारी एवं संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने बताया कि रीवा जिले में प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केन्द्र राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित किए गए हैं। इनमें गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल नम्बर एक एवं दो धोबिया टंकी, टीआरएस कालेज, शासकीय कन्या हाईस्कूल पाण्डेन टोला, शासकीय पीके कन्या हायर सेकण्डरी सीएम राइज स्कूल, शासकीय एसके कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल फोर्ट रोड शामिल हैं। शासकीय मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक तीन, शासकीय मार्तण्ड स्कूल क्रमांक दो यूनिवर्सिटी रोड, शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय माडल साइंस कालेज, शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक तथा शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा शामिल हैं। इन संस्थाओं के प्राचार्यों को प्रारंभिक परीक्षा संपन्न कराने के लिए केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है।

## मानवीय दृष्टिकोण, भावनात्मक सहयोग उपचार को करता है आसान : उप मुख्यमंत्री

# एम्स भोपाल में 2 दिवसीय पेलियेटिव केयर प्रशिक्षण कार्यक्रम में हुए शामिल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कैंसर की सही समय में जाँच पर पूर्ण निदान सहजता से संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में आज आर्थिक संसाधनों की कमी नहीं है। चिकित्सकीय संस्थानों का उन्नयन किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के साथ अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा की चिकित्सा क्षेत्र में संसाधनों के साथ चिकित्सकीय मैनपॉवर का मानवीय रवैया, भावनात्मक सहयोग उपचार को आसान करता है। मरीजों और परिजनों में संतोष का भाव जागृत करता है। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े सभी अधिकारियों कार्मिकों में मानवीय संवेदनाओं की समझ और उसका प्रगटीकरण अत्यंत आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विश्व कैंसर दिवस पर एम्स भोपाल में आयोजित 2 दिवसीय पेलियेटिव केयर प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि कैंसर का निदान सहज और सुलभ बनाने के लिये केंद्रीय बजट में हर जिले में कैंसर केयर सेंटर बनाने का ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है। साथ ही कैंसर दवाओं को किफायती दरों में उपलब्ध कराने के प्रावधान किये गये हैं। आयुष्मान भारत योजना से हर नागरिक आज उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं सहजता से प्राप्त कर पा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन में स्वस्थ भारत महत्वपूर्ण आयाम है। इसके लिये केन्द्र और राज्य सरकार पूर्ण समर्पण से प्रयास कर रही हैं। इसे साकार करने हेल्थ मैनपावर की महत्वपूर्ण भूमिका है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सक का दायित्व केवल उपचार करने तक सीमित नहीं है। उपचार के साथ और उपचार के बाद मरीज को जो मानसिक और भावनात्मक सहयोग चिकित्सक या अस्पताल स्टाफ से मिल सकता है, वो उसकी रिकवरी को और तेज करने में सहायक होता है। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों और नर्सिंग ऑफिसर से प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाने का आह्वान किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेजों में संभागीय मुख्यालयों में लाइनैक मशीन, पेट स्कैन, थेरेपी एयर कैथ लैब जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि हृदय रोग, कैंसर जैसे असंचारी रोगों का समुचित निदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि इन रोगों के बेहतर प्रबंधन के लिए "टेस्ट और ट्रीट" अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों से आह्वान किया कि पूरे समर्पण से मिशन मोड में सेवा भाव से कार्य करें। संसाधनों के साथ समर्पित प्रयास से मध्यप्रदेश शीघ्र ही स्वास्थ्य मानकों में अग्रणी राज्य बनेगा।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विगत दिवस जबलपुर, भोपाल और इंदौर में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अंग रिट्रीवल एवं प्रत्यारोपण कर बहुमूल्य जीवन के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चिकित्सकीय और सहायक चिकित्सकीय स्टाफकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा ऐसे समर्पित प्रयासों से चिकित्सकीय कार्मिको का मान बढ़ता है और समाज में अपने प्रतिष्ठित स्थान के साथ वे न्याय करते हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रशिक्षण प्रदान करने वाले मास्टर ट्रेनर और रिसोर्स पर्सन को सम्मानित किया। अध्यक्ष एम्स प्रो. डॉ. सुनील मलिक ने पैलिएटिव केयर के विभिन्न आयामों और महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने असंचारी रोगों के बढ़ते दबाव और प्रबंधन के लिए किये जा रहे प्रयासों की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और एम्स के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है। एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक, प्रोफेसर्स और विषय विशेषज्ञों ने पैलिएटिव केयर की जिम्मेदारियों और दायित्वों की चिकित्सकों और नर्सिंग ऑफिसर को विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# बुजुर्ग महिला से दो बदमाशों ने की लूट

## पत्ती खिलाकर किया सम्मोहित, सोने के गहने लेकर हुए फरार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के सिविल लाइन इलाके में दो बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला से लूट की। मंगलवार सुबह साढ़े 8 बजे मास्टर प्लान कॉलोनी रोड पर बुजुर्ग महिला को सम्मोहित कर उनके सोने के गहने लूट लिए।

पीड़िता सविता सिंह मुख्तायरगंज की रहने वाली हैं, जो रोज की तरह सुबह टहलने निकली थीं। वह घर से सर्किट हाउस होते हुए फ्लाई ओवर से मास्टर प्लान रोड पर पहुंची थीं। इस दौरान वह मोबाइल पर अपने भतीजे से बात कर रही थीं। पुराने आरटीओ ऑफिस के सामने एक व्यक्ति ने उन्हें रोककर बातें करनी शुरू कर दी। इसी बीच दूसरा आरोपी भी वहां आ गया और उसने सविता को कुछ पत्तियां खाने को दीं। इसके बाद का घटनाक्रम पीड़िता को याद नहीं है।

**कंगन और सोने की चेन लूटी:** सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों ने महिला के हाथ के कंगन और गले की सोने की चेन लूट ली। पुलिस स्मार्ट सिटी के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर रही है।आरोपियों की पहचान के लिए पीड़िता को दिखाया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।